
MPHIN/2021/83938




दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल




ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 310 | ग्वालियर , 02 सितम्बर शनिवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## राहुल गांधी का बीजेपी पर हमला, दुनिया का सुपर पावर इंग्लैंड कांग्रेस मुक्त भारत नहीं कर पाया और ये...

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार (1 सितंबर) को यह कहते हुए बीजेपी पर हमला बोला कि जब एक समय दुनिया का सुपर पावर रहा इंग्लैंड कांग्रेस मुक्त भारत नहीं कर पाया था तो पीएम मोदी यह कैसे करेंगे. मुताबिक कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में कहा, मोदी जी आए तो उन्होंने कहा- कांग्रेस मुक्त भारत, याद है आपको नारा. अब दुनिया का सुपर पावर जो था, इंग्लैंड था, वो कांग्रेस मुक्त भारत नहीं कर पाया, मोदी कैसे करेंगे.राहुल गांधी ने आगे कहा, मतलब जो दुनिया का सुपर पावर था, जो आज अमेरिका है, उस समय इंग्लैंड था, वो कांग्रेस को मिटा नहीं पाया, उल्टा कांग्रेस ने उसको मिटाकर बाहर भगा दिया और मोदी जी सोचते हैं कि उनका और अडानी जी का रिश्ता कांग्रेस को मिटा देगा. मतलब सोचते हैं कि अडानी जी का पैसा कांग्रेस पार्टी



को मिटा सकता हैराहुल गांधी ने कहा, कहते हैं कांग्रेस में दम नहीं है, दम नहीं है तो कर्नाटक में बीजेपी को किसने पटका. महाराष्ट्र में कौन सी पार्टी है जो नहीं टूटी, वो हमारी पार्टी है. ये बब्बर शेर की पार्टी है, शेरनिया भी हैं, ये डरती नहीं. महाराष्ट्र में बीजेपी की सफाई होने वाली है.बीजेपी को हराने वाले हैं. सीनियर लीडर तो हैं, लेकिन कार्यकर्ता को सबसे पहले रिवार्ड्स देना चाहिए. वही हमें जिताते हैं. राहुल ने कहा, हम दुश्मन के घर में जाकर नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल देते हैं.बता दें कि राहुल गांधी विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस की बैठक में शामिल होने के लिए मुंबई पहुंचे थे. गठबंधन की बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को हुई, जिसमें गठबंधन की एक समन्वय समिति भी बनाई गई है. बैठक के बाद इसमें शामिल कई पार्टियों के नेताओं ने मीडिया को संबोधित करते हुए बीजेपी के खिलाफ एकजुटता का संदेश दोहराया.

## वन नेशन, वन इलेक्शन पर क्या है पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी और ओपी रावत की राय?

वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर चल रहीं चर्चाओं के बीच देश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस वाई कुरैशी और ओपी रावत ने शुक्रवार (1 सितंबर) को अपनी-अपनी राय दी है. वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर पूर्व चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी का कहना है कि पिछले 10 साल से इसकी बात चल रही है. इसमें कुछ खूबियां हैं और कुछ खामियां भी हैं. कहा जाता है कि बार-बार चुनाव कराने से काफी पैसा खर्च होता है और डेवलपमेंट एक्टिविटीज भी प्रभावित होती हैं.

30 जुलाई 2010 से 10 जून 2012 तक निर्वाचन आयोग का नेतृत्व करने वाले एस वाई कुरैशी ने संवैधानिक रूप से यह संभव नहीं है, क्योंकि भारत एक संघीय देश है और राज्यों का संघ है.

**वन नेशन, वन इलेक्शन से होगा फायदा-** वहीं, इस संबंध में पूर्व चुनाव आयुक्त ओपी रावत का कहना है,÷ इसका एक फायदा यह होगा कि 5 साल तक राजनेताओं और प्रशासन का फोकस जनता के मुद्दों पर रहेगा. यह हमारे प्रजातंत्र के बेहतर होगा. उन्होंने कहा, ÷यह संभव है और किया जा सकता है. आपको बस एक रोडमैप बनाने और उसके अनुसार काम करने की जरूरत है. सभी



राजनीतिक दलों को इस पर एक साथ आना चाहिए, क्योंकि उनके समर्थन के बिना संशोधन संभव नहीं होगा.÷

**पहले भी हो चुका है वन नेशन, वन इलेक्शन-**रावत ने याद दिलाया कि जब निर्वाचन आयोग से एक साथ चुनाव के बारे में पूछा गया था तो उसने सरकार को सूचित किया था कि 1952, 1957, 1962, 1967 में भी वन नेशन, वन इलेक्शन हुआ था. उन्होंने बताया, ÷ऐसा पहले भी हुआ था और अब इसे दोबारा करना संभव है÷ निर्वाचन आयोग ने बताया था कि इसे फिर से करने के लिए संविधान और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में कुछ संशोधन करने की आवश्यकता है.

## पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा के पोते की गई लोकसभा सदस्यता, हाई कोर्ट से लगा झटका

कर्नाटक हाई कोर्ट ने चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने के लिए जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार (1 सितंबर) को अयोग्य घोषित कर दिया. हासन से हारने वाले बीजेपी उम्मीदवार अरकलागुडु मंजू ने 26 जून 2019 को हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की थी कि प्रज्वल की सांसद सदस्यता रद्द की जाए.2019 में चुनाव के दौरान दिए गए संपत्ति घोषणा विवरण और हलफनामे में गलत जानकारी देने के आरोप में हासन लोकसभा क्षेत्र से जेडीएस के एकमात्र सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी. बता दें कि, प्रज्वल रेवन्ना जेडीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा



के पोते हैं और 2019 के चुनाव में लोकसभा में पार्टी के एकमात्र सदस्य चुने गए थे.हासन लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने वाले प्रज्वल रेवन्ना ने अपने पहले प्रयास में जीत हासिल की थी. बीजेपी उम्मीदवार ने याचिका में कहा था कि प्रज्वल रेवन्ना ने शपथ पत्र में गलत जानकारी दी है और लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं. याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए शिवानंद ने कहा कि उन्हें भ्रष्ट आचरण के आधार पर अयोग्य ठहराया गया है. इंडिया टुडे के अनुसार, उन्होंने बताया कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान हलफनामा दाखिल करते समय प्रज्वल रेवन्ना ने अपनी 24 करोड़ से अधिक की आय छिपाई. उन्होंने बताया कि रेवन्ना को अगले छह साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है. साथ ही उन्होंने कहा कि इसके बाद प्रज्वल रेवन्ना सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते हैं.

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का दावा, रिकॉर्ड 15 महीने में बनेगा ग्वालियर एयरपोर्ट टर्मिनल



केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार (1 सितंबर) को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थित होटल रेडीसन में दो दिवसीय बी-20 इंटरनेशनल एयरोस्पेस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनियाभर की एयरोस्पेस कंपनियों को भारत में निवेश करना चाहिए. यह कॉन्फ्रेंस, भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा नागर विमानन मंत्रालय की कोलोब्रेशन से आयोजित की जा रही है.देश-विदेश के विमानन प्रतिनिधियों, वहां मौजूद मेहमानों, उद्योगपतियों और मंत्रियों की मौजूदगी में कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने एयरोस्पेस के उत्पादन और उद्योग संभावनाओं को लेकर मेक इन एमपी का आह्वान किया. उन्होंने ग्वालियर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्वालियर में 1937 में फ्लाइंग बोट सर्विस हुआ करती थी

## क्या लोकसभा और विधानसभा चुनाव वन नेशन वन इलेक्शन के तहत होंगे?

वन नेशन वन इलेक्शन कानून को लेकर चर्चा तेज हो गई है. एक सितंबर को केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई, जो वन नेशन वन इलेक्शन का कानून बनाने की दिशा में तमाम स्टेक होल्डर्स के साथ चर्चा करेगी.केंद्र सरकार के एक बड़े मंत्री ने एबीपी न्यूज के सामने दावा किया है कि अगर यह बिल संसद में लाया जाता है और पास हो जाता है तो उसके बाद 50 फीसदी से ज्यादा राज्यों की विधानसभा में इस कानून पर सहमति प्रस्ताव पास कराने के लिए पर्याप्त संख्या बल भी केंद्र सरकार के साथ है. अगर ऐसा होता है तो 2024 के लोकसभा चुनाव वन नेशन वन इलेक्शन के कानून के तहत और पूरे देश के विधानस. श4ह्लह्न1क्चह्नभा चुनाव भी एक साथ हो सकते हैं.%एक देश, एक चुनाव% का आइडिया देश में एक साथ चुनाव कराए जाने को लेकर है. इसका मतलब यह है कि पूरे भारत में लोकसभा चुनाव और सभी राज्यों में विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे. दोनों चुनावों के लिए संभवतः वोटिंग भी साथ या फिर आस-पास होगी. वर्तमान में लोकसभा और राज्य





विधानसभाओं के चुनाव 5 साल का कार्यकाल पूरा होने या फिर विभिन्न कारणों से विधायिका के भंग हो जाने पर अलग-अलग कराए जाते हैं.बीजेपी सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि 1967 तक देश में लोकसभा-विधानसभा का एक ही चुनाव होता था. उसके बाद केंद्र सरकार सरकारें भंग करने लगी उसके बावजूद भी 1983 के अंदर इलेक्शन कमीशन ने फिर से रिकमेंडेशन दी कि एक ही साथ देश में चुनाव होने चाहिए. 1999 में इलेक्शन कमीशन ने रिकमेंडेशन दी कि देश में एक ही चुनाव हो. उसके बाद 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने से पहले बीजेपी के घोषणा पत्र में यह बात लिखी हुई थी कि %कोशिश करेंगे कि देश में लोकसभा-विधानसभा का एक ही चुनाव हो.2016 में प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में वन नेशन वन इलेक्शन की बात कही भी थी, 2017 में नीति आयोग ने अपनी रिकमेंडेशन दी कि एक ही चुनाव होना चाहिए, 2018 में लॉ कमीशन ने सुझाव दिया कि किस तरीके से लोकसभा-विधानसभा का एक ही चुनाव हो सकता है, 2019 में फिर से रिकमेंडेशन दी गई और अब पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में वन नेशन वन इलेक्शन के लिए कमेटी गठित कर दी गई है.वन नेशन वन इलेक्शन के लिए आधे से अधिक राज्यों का साथ आवश्यक है. अगर केंद्र सरकार बिल लाती है तो आवश्यक राज्यों की सहमति भर का संख्या बल बीजेपी के साथ है, सूत्रों के मुताबिक पूर्वोत्तर के सात राज्य, इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा सहित उड़ीसा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश का साथ केंद्र सरकार को मिलेगा, ऐसे में 2024 के चुनाव भी वन नेशन वन इलेक्शन के दायरे में हो सकते ह

## जी20 सम्मेलन के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता होंगे इंतजाम, नए ड्रेस में नजर आएगी दिल्ली पुलिस



20 सम्मेलन के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं. दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी मधुप तिवारी ने बताया कि किसी भी तरह के खतरे से निपटने के लिए दिल्ली पुलिस पूरी तरह से तैयार है. स्पेशल सीपी ने बताया कि किसी भी तरह के आतंकी खतरे को देखते हुए सुरक्षा का ब?ा प्लान तैयार किया गया है. मधुप तिवारी ने बताया कि सबसे अहम बात यह कि यहां किसी भी प्रकार की आतंकी गतिविधियां न हो पाएं. इसके मद्देनजर हर तरीके के अरेंजमेंट और सावधानियां की गई हैं. इसके लिए यानी सेंट्रल आर्म पुलिस फोर्स की मदद भी ली गई है.तिवारी की मानें तो 20 सम्मेलन के लिए दिल्ली पुलिस के स्टाफ को माइक्रो फंक्शन लेवल की ट्रेनिंग दी गई है. उनको उनकी ड्यूटी के बारे में बार-बार ब्रीफ किया गया है और लगातार उनकी रिहर्सल की जा रही है. त्20 सम्मेलन के दौरान किसी भी तरह के खतरे या ड्रोन अटैक को नेस्तनाबूद करने के लिए हस्त्र, एयरफोर्स, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां एक साथ मिलकर काम कर रही है.ये त्20 सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को प्रगति मैदान के भारत मंडप में होना है. इस दौरान दिल्ली पुलिस के जवान खाकी वर्दी में नहीं बल्कि एक अलग ड्रेस में नजर आएंगे. प्रगति मैदान के बाहर दिल्ली पुलिस के 1500 से ज्यादा जवान तैनात किए जाएंगे. इतना ही नहीं स्पेशल सीपी ने बताया कि इस पूरे इवेंट में दिल्ली पुलिस के 50 ह?ार जवान हिस्सा लेंगे. विदेशी मेहमानों की सुरक्षा में कोई भी चूक ना हो

## विपक्षी गठबंधन इंडिया की दूसरे दिन की बैठक की इनसाइड स्टोरी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी ने दिए ये सुझाव

विपक्षी गठबंधन %इंडिया% की तीसरी मीटिंग मुंबई में शुक्रवार (1 सितंबर) को हुई. इस बीच एबीपी न्यूज को सूत्रों ने बैठक के अंदर की बात बताई. मीटिंग में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित विपक्षी नेताओं ने अपने सुझाव दिए. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी कैंपेन में तीन बड़ी बातों को शामिल करने को कहा. राहुल ने कहा, %%पहला पीएम मोदी की छवि ऐसी बनाई गई है कि जैसे वो बहुत ईमानदार हों, लेकिन ये सही नही है. सच्चाई ये है कि पीएम मोदी सबसे भ्रष्ट पीएम हैं.%% उन्होंने अडानी ग्रुप और रक्षा सौदे का जिक्र करते हुए इसमें भ्रष्टाचार की बात की. उन्होंने दूसरा सुझाव देते हुए कहा, %%माहौल बनाया जाता है कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विदेश में भारत की छवि बेहतर हुई है. ये भी गलत है. पीएम मोदी के बाहर जाने पर विरोध भी होता है.%% राहुल गांधी ने कहा, %%ऐसा दावा किया जाता है कि पीएम मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ह्रक्चष्ट) समुदाय के लिए बहुत कुछ करते हैं, लेकिन सच्चाई में मोदी सरकार जैसे अनुसूचित जाति (स्ष्ट), अनुसूचित जनजाति (स्ञ्) के लिए कुछ नहीं करती. वैसे ही वो ओबीसी के लिए भी कुछ नहीं करती.%% उन्होंने इन तीनों बातों को कैंपेन में शामिल करने को कहा. अरविंद केजरीवाल ने सीट शेयरिंग पर क्या सुझाव दिया?आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव जल्द कराए जा सकते हैं. इस देखते हुए हमें भी जल्दी करनी चाहिए है. इसपर





दूसरे नेताओं ने भी सहमति जताते हुए कहा कि हम समय बर्बाद कर रहे हैं.केजरीवाल ने फिर दोहराया कि सीट शेयरिंग 30 सितंबर तक कर लेना चाहिए और इसके लिए अलग मैकेनिज्म होना चाहिए. वहीं इसपर राहुल गांधी ने भी कहा कि कांग्रेस खुले मन से सभी को ष्ड्डद्बश्वस्रद्भह्वह्य यानी समायोजित करने को तैयार है. कुछ नेताओं ने सीट शेयरिंग के लिए गाइडलाइन बनाने का भी सुझाव दिया. सभी ने माना कि सीट शेयरिंग राष्ट्रीय स्तर पर नहीं हो सकती क्योंकि कई दलों का कई राज्यों में कोई अस्तित्व नहीं है. ऐसे में सीट शेयरिंग राज्य के ध्यान में रखते हुए हो. जातिगत जनगणना पर क्या चर्चा हुई?बिहार के सीएम नीतीश कुमार और लालू यादव की आरजेडी ने जातिगत जनगणना का जिक्र अहम मसलों में किया तो इसपर टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने कहा कि ये मुद्दा ऐसा है कि सभी दलों की अपनी राय है. इस कारण सभी दलों को अपनी पार्टी में पहले चर्चा करनी चाहिए. यहां इस बैठक में इस मुद्दे को अभी उठाना ठीक नहीं.बनर्जी ने कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं को बना दो अक्टूबर यानी महात्मा गांधी की जयंती के दिन ऐलान करने की फिर से पैरवी भी की. उन्होंने गुरुवार (31 अगस्त) को भी यह बात कही थी.संसद के विशेष सत्र में कौन सा मुद्दा उठाया जाए?अडानी ग्रुप का मसला राहुल गांधी के अलावा सीताराम येचुरी, उद्धव ठाकरे, अरविंद केजरीवाल और बाकी नेताओं ने उठाया. ये चर्चा भी हुई कि इसे संसद के विशेष सत्र के दौरान भी उठाया जाए. दरअसल केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का स्पेशल सेशन बुलाया है.

# पुलिस थाना पिछोर क्षेत्र से 16 दिन से गुम बालिका को खोज कर उसके माता पिता के सुपुर्द किया

**राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर।** पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले, एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के निर्देशन में व थाना पिछोर टीआई शिव सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने16दिन से गुम बालिका को खोज कर उसके माता पिता को सुपुर्द किया ।दिनांक 25/8/23 को फरियादिया राजा बेटी आदिवासी निवासी ग्राम भितरगुवां ने थाना पिछोर में रिपोर्ट की उसकी पुत्री नीतू आदिवासी उम्र 12 वर्ष दिनांक 17/8/23 से घर से बिना बताए कहीं चली गई है।



पुलिस थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 472 / 23 धारा 363 आईपीसी पंजीबद्ध कर गुमशुदा की तलाश के प्रयास किए व सभी समाचार पत्रों व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में गुमशुदा की तलाश के मैसेज किए ।आज गुमशुदा को खोज कर उसके माता-पिता को सुपुर्द किया ।गुमशुदा अपने मामा के ग्राम मुढ़रा जा रही थी रास्ता भूलने से वह गुम गई थी। आज एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने गुमशुदा बालिका से थाना पर राखी भी बंधवाई । पुलिस थाना पिछोर की टीम में एस आई विनोद भार्गव , एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक संतोष यादव आरक्षक रामनाथ रावत, बचान सिंह तोमर,राघवेंद्र पाल, मांगीलाल गुर्जर व देशराज गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

### शिवपुरी की अपहरण का षडयंत्र रचने के मामले मे बड़ी कार्यवाही

# पुलिस थाना भौंती द्वारा बालक के अपहरण का षडयंत्र रचने बालों का पर्दाफाश करते हुये आरोपियों पर की कार्यवाही

**राकेश परिहार पिछोर**

**भोती,।** थाना भौती पर दिनांक 29.08.23 को फरियादिया रामकुंवर पत्नि जालिम सिंह आदिवासी उम्र 29 साल नि.ग्राम मुहार ने अपने पति जालिम के साथ थाना उपस्थित आकर अपने पुत्र आशिक उम्र करीबन 07 साल की अज्ञात आरोपी द्वारा अपहरण करने संबंधी रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना भौती पर अपराध क्रमांक 235/23 धारा 363 ताहि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंशसिंह भदौरिया द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये एसडीओपी महोदय पिछोर श्री प्रशान्त शर्मा एवं थाना प्रभारी भौती को अपहृत बालक दस्तयाव करने एवं अपराधियो की धरपकड के लिये निर्देशित किया था । श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी के निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले के निर्देशन मे मामले को गंभीरता से लेते हुये श्रीमान एसडीओपी महोदय पिछोर श्री प्रशान्त शर्मा द्वारा टेक्नीकली व मैनुअली प्रकरण मे कार्य किया और पता किया कि जाटव समाज के अभिषेक जाटव द्वारा थाना भौती मे आरोपीगण जालिम आदिवासी ,ओमकार आदिवासी ,रविन्द्र आदिवासी के विरुद्ध अदमचैक क्र.150/23 धारा




323,504 ताहि की कायम कराई जिस कारण उक्त फरियादी अभिषेक व उसके परिवारजनों को झूंठा फसाने के उद्देश्य से फरियादिया रामकुंवर व उसके पति जालिम व जालिम के साढू गिट्टू द्वारा षडयंत्र रचकर उक्त कृत्य को अंजाम दिया गया है ।इस प्रकार मिले इन्पुट के बाद एसडीओपी महोदय पिछोर ने पुलिस टीम जिसमे उनि.अंशुल गुप्ता,उनि.रामनिवास शर्मा ,सउनि.पुष्पेन्द्र चौहान ,प्रआर.224 राजेश शर्मा ,आर.1188 धर्मवीर रावत,आर.935 संजय धाकड आर.534 रामप्रशाद गुर्जर ,आर.637 कमल गुर्जर,आर.467 कुलदीप को रवाना किया कि काफी तलाश के वाद अपहृत बालक आशिक को उसके मौसा ङ्कमौसी के घर ग्राम बेलवावडी थाना खनियाधाना से दस्तयाव किया जाकर अपहृत बालक व उसकी मौसी विस्सा आदिवासी के माननीय न्यायालय पिछोर मे कथन कराये गये जिसमे उक्त दोनो ने स्वीकार किया कि जालिम आदिवासी ने ही अपने पुत्र आशिक को अपने भतीजे आदराम आदिवासी के साथ पिछोर बस स्टेन्ड भेजा और अपने साढू गिट्टू से फोन पर बोला कि तुम बालक आशिक को आदराम से पिछोर बस स्डेन्ड से अपने घर ग्राम बेलवावडी ले जाना और इसके बारे मे किसी को मत बताना । इस सराहनीय कार्य मे एसडीओपी महोदय पिछोर श्री प्रशान्त शर्मा थाना प्रभारी भौती अनिल भारद्वाज , उनि.अंशुल गुप्ता,उनि.रामनिवास शर्मा ,सउनि.पुष्पेन्द्र चौहान ,प्रआर.224 राजेश शर्मा ,आर.1188 धर्मवीर रावत,आर.935 संजय धाकड आर.534 रामप्रशाद गुर्जर ,आर.637 कमल गुर्जर,आर.467 कुलदीप की अहम भूमिका रही

### आदतन अपराधियों पर शिवपुरी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी

# चुनावों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी की अनुशंसा पर कलेक्टर शिवपुरी द्वारा तीन आदतन अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की गयी

**राकेश परिहार पिछोर**

दिनांक 01.09.2023 को श्री रविन्द्र कुमार चौधरी, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला शिवपुरी द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला शिवपुरी की अनुशंसा पर जिले के तीन (03) आदतन आपराधियों, मनप्रीत पुत्र जौरा उर्फ जुगराज सिंह सिक्खष थाना कोलारस, संजीव लोधी पुत्र हजरत लोधी थाना पिछोर, बृजेश पुत्र इन्द्रलसेन यादव थाना इंदार को 06 माह की अवधि के लिये जिलाबदर किये जाने का आदेश पारित किया ।

### जिला संयोजक श्री बुंदेला के नेतृत्व में आदिवासियों के हक अधिकार क संघर्ष जारी

# आदिवासी दलित क्रांति सेना बुंदेलखंड इकाई पन्ना के आह्वान पर खूंटा गाड़ो हल चलाओ आंदोलन, एवं गले में गिरमा मुंह में तिनका कार्यक्रम संपन्न

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाह**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

आदिवासी दलित क्रांति सेना के अबाहन एवं संगठन के जिला संयोजक केपी सिंह बुंदेला जी की मुख्य अध्यक्षता में गले में गिरमा मुंह में तिनका आंदोलन कार्यक्रम किया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत रानी दुर्गावती एवं भगवान बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर मालयअर्पण तिलक बंदन दीप प्रज्जलन पूजनार्अचन पश्चात कार्यक्रम को गति दीगई, साथ ही आए हुए अतिथियों का पत्तों की माला पहनाकर स्वागत वंदन किया, तत्पश्चात श्री केपी सिंह बुंदेला नें अपने वक्तव्य में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी की योजनाएं गिनाते हुए,कहा कि 1 अगस्त से 9 अगस्त तक हल चलाओ खूंटा गाड़ो जमीन जोतो आंदोलन किया गया, और आज 29 अगस्त से गले में गिरमा मुंह में तिनका प्रदर्शन कार्यक्रम शुरू किया गया मतलब शासन हमारा हक अधिकार नहीं दिलाती तो चारा घास खाकर फांसी का फंदा अपनाएंगे, ऋषिराज सिंह ने कहा कि हमारे बुजुर्गों नें आदिवासी दलित गरीब लोगों का साथ सहयोग दिया हम भी आपके हक अधिकार की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे जब तक आपका अधिकार नहीं मिल जाता तब तक जिले से प्रदेश तक लड़ाई लड़ते रहेंगे, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं ना कहीं मेंड़ बंधान ना जलकूप निर्माण, गरीब आदिवासियों को किसी प्रकार शासकीय सुविधा मोहेया नहीं कराई जा रही जिसकी



लड़ाई निरंतर जारी रहेगी, हमें हर किसान वर्ग की तरह हक अधिकार चाहिए,बता दे की वन भूमि के पट्टे दिलानें बाबत जो 2005 से वन भूमि में काविज आदिवासी जल जंगल में निवास करने वाले अपना गरीबी गुजर बसर चला रहे हैं उनके हक अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए जगह-जगह आंदोलन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किये जा रहे हैं। जिसको लेकर पन्ना जिले की तहसील शाहनगर अंतर्गत आने वाली ग्राम पगरी मैं दिनांक 29, 8,2023 को आदिवासी दलित क्रांति सेना के जिला संयोजक केपी सिंह बुंदेला के नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर विशिष्ट अतिथि तथा युवा संगठन कांग्रेस के प्रदेश सचिव ऋषिराज सिंह की अध्यक्षता, साथ ही जिले के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और क्षेत्रीय आदिवासी वर्ग के सैकड़ो महिला पुरुष युवाओं की मौजूदगी में वन अधिकार एवं अत्याचार को लेकर गले में गिरमा मुंह में तिनका खूंटा गड़ो हल चलाओ अंदोलन कार्यक्रम संपन्न किया गया। उपस्थित प्रदेश मीडिया प्रभारी आर पी वर्मन, सुरेश बागरी, नेवी भाई जान पवई, गोविंद पाल पन्ना, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जहां गरीब आदिवासियों के कार्यक्रम में नदारत रहा प्रशासनिक अमला तहसील साह नगर का मामला, आए हुए संगठन के पदाधिकारियों ने मीडिया से सुनाई अपनी दास्तान, की अगर कोई घटना या वात विवाद हो जाता तो कौन होता इसका जवाबदार, थाना में सूचना देने के बाद भी पुलिस प्रशासन सहित कोई प्रशासनिक कर्मचारी नजर नहीं आया, जिले के जवाबदार अधिकारियों की लचर व्यवस्था का है रवैया, महामहिम राज्यपाल के नाम ग्राम सरपंच को सोंपा गया ज्ञापन, अब देखना यह होगा कि जिले के जवाबदार इस पर संज्ञान लेते हैं या ठंडे बस्ते में छोड़ देते हैं।

# प्रशासन की लचर व्यवस्था के चलते शांति, सुरक्षा एवं कोई नहीं आया सामाजिक संस्था का ज्ञापन लेने



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना –** शाहनगरआदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) इकाई- पन्ना द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 29/8/ 2023 को वन अधिकार को लेकर प्रदर्शन किया गया था जिसमें समय अनुसार दोपहर 2-00 बजे ज्ञापन दिया जाना था।जानकारी हो की कार्यक्रम के तीन दिवस पूर्व ज्ञापन प्राप्त करने वास्ते अनुविभागीय अधिकारी महोदया सूचना पत्र दे दिया गया था तथा साथ ही थाना शाहनगर में 1 प्रीति दी गई थी।संगठन संयोजक श्री केपी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम ना हो सके पगरी ग्राम के साथियों पर वे मनुष्यता पैदा करने वास्ते मैसेज आ रहे थे जिसको लेकर कार्यक्रम होने के 1 दिन पूर्व थाना शाहनगर में दूरभाष द्वारा थाना प्रभारी श्री मिश्रा को अवगत कराया गया की शांति बनाई जाने वास्ते पर्याप्त पुलिस बल भेजने का कष्ट करें श्री मान थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन भी दिया गया थाने में जो व्यवस्था होगी पुलिस बल की व्यवस्था कर दी जाएगी।कार्यक्रम में जब कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचा समापन के उपरांत ज्ञापन महिला सरपंच को सोपा गया तथा संगठन की टीम ने आकर अनुभागी अधिकारी से मिला और शिकायत दर्ज कराई शिकायत के जवाब में कहा गया कि मैं चुनाव के कार्य में व्यस्त थी आर आई को जाने का आदेश दिया था। वह तो एक कृपा थी ईश्वर की कोई विवाद खड़ा नहीं हुआ गरीबों का जब कोई नहीं होता ईश्वर साथ देते हैं।संगठन मीडिया प्रभारी रामप्रताप बर्मन ने इस संबंध पर श्रीमान अनुभागी अधिकारी महोदया से जवाब लेना चाहा तो उनका कहना था कि कोई खबर नहीं बनती है।

# श्रीराम बालाजी मंदिर तक सडक की स्पष्ट खुशिया दिखी मंदिर समिती के चेहरो पर

**वारासिवनी......**क्षेत्रीय विधायक प्रदीप जायसवाल अध्यक्ष खनिज विकास निगम ने ग्रामीण क्षेत्र लिंगमारा व मदनपुर मे दो सडको की सौगात दी है। प्रसिद्व श्रीराम बालाजी मंदिर मे समिति की इच्छा अनुसार सीसी सडक का जंहा लोकार्पण किया है। वही ग्राम मदनपुर मे पंचायत की मंशानूरूप सीसी सडक का लोकार्पण कर ग्रामीणो के जनसमूह को प्रसन्नचित कर दिया है।गुडडा भैया ने प्रसिद्व श्रीराम बालाजी मंदिर लिंगमारा मे कावड यात्रा के समापन पर मंदिर को मनचाही सौगात देकर समिति सदस्यो व पदाधिकारीयो को प्रसन्नचित कर दिया। मेन रोड से श्रीराम बालाजी मंदिर तक सीसी सडक के लोकार्पण के समय सभी भक्तगण बेहद प्रसन्नचित भी नजर आये। कावड यात्रा के समापन के पश्चात भंडारे रूपी महाप्रसाद को ग्रहण कर विधायक जी ने धर्मलाभ लेकर हर हर महादेव के जयकारे भी बेहद उत्साह के साथ लगाये।इसी तरह ग्रम मदनपुर मे विधायक निधि से स्वीक्रत सीमेंट क्रांकिंट सडक निर्माण कार्य का भूमीपूजन विधायक प्रदीप जायसवाल अध्यक्ष खनिज विकास निगम के हस्ते ग्रामीणजनो के समुह के साथ



उत्साह से किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणो के एक साथ मांग करते हुये कहा की हमारे ग्राम मे दो मकानो तक विधूत व्यवस्था नही पहुच पायी है। आप विधायक निधि से तीन पोल स्वीक्रत कर हमारी मांग को अवश्य पुरा करे। इस मांग को भी जल्द पुरा करने के लिये विधायक ने आश्वस्त भी ग्रामीणो को किया।समारोह को संबोधित करते हुये विधायक श्री जायसवाल ने कहा की हमने प्राथमिकता के साथ ग्राम पंचायत मदनपुर को विकास की सौगात दी है। सबसे पहले नल जल योजना से पेयजल की दिक्कत को दूर किया गया है। आज आप सभी के बौद्विक निर्णय से विधानसभा मे मिली निर्दलीय जीत के प्रभाव मे हमने इस पांच साल मे 6 बडे पूल और एक फलाई ओवर की सौगात दी है। आप से हमारा रिश्ता पारिवारीक है। अभी चुनावी समर मे कई लोग आकर सिर्फ बरगलाने का प्रयास करेगे। किंतू आप सभी को यह ध्यान रखना है कि दल नही हम सिर्फ चेहरे को जानते है। जिसने पांच साल मे आपका ख्याल रखा है। आप भी उसी पर विश्वास आगे भी करेगे।इस अवसर पर सरपंच श्रीमती प्रीति सुनील झिल्पे, कासपुर सरपंच फकीरचंद देशमुख, संतोष पारधी उपसरपंच, दीवानचंद राहगंडाले पूर्व सरपंच, सुनील झिल्पे, संगठन मंत्री संतोष आडे, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी मनोज दांदरे आदि भी उपस्थित रहे।

# कन्या , वृद्ध, ब्राह्मण एवं विद्यार्थियों के सम्मान के साथ पूर्ण हुआ असंख्य रुद्री निर्माण



ग्राम पुरेना रंधीर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसे?या द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार चार दिवसीय असंख्य रुद्री निर्माण, रुद्राभिषेक, सुंदरकांड के साथ सेवाभावी सम्मान के साथ माँ विजयासन इंस्टीट्यूट में आयोजित किया ! जिसमें प्रथम दिवस सनातन धर्म के अनुसार गाय, कन्याओं, वृद्धजनो, भिक्षावृत्तजनो का सम्मान कर उन्हें वस्त्र, पठन लेखन सामग्री, कंबल मच्छरदानी प्रदान कर उनका आशीर्वाद लेकर एकादश रुद्र बनाकर रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस सेवाभावी कार्यक्रम के तहत राज्य ,जिला, तहसील स्तर पर मेरिट में आने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल, ट्राफी, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।तृतीय दिवस में शहर के मंदिरों के वरिष्ठ शास्त्रीजनो ब्राह्मण देवो के पद पखारकर पुष्प वर्षा, पुष्पहार तथा धार्मिक पुस्तके व भेंट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया !उक्त आयोजंन में प्रतिदिन रुद्री निर्माण ,रुद्राभिषेक सुंदरकांड का पाठ किया गया ! इसी प्रकार चार दिवसीय असंख्यी रुद्रीनिर्माण का कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ !

## जनसंपर्क मंत्री श्री शुक्ल ने की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

### विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाये : मंत्री श्री शुक्ल



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**सम्भागीय ब्यूरो रीवा**

**रीवा।** जनसंपर्क एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में आज जनसंपर्क विभाग की समीक्षा की। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि शासन द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों एवं जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाये। बैठक में आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह ने विभागीय प्रचार-प्रसार गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। विधायक श्री के.पी. त्रिपाठी, संचालक जनसंपर्क श्री आशुतोष प्रताप सिंह एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस विभाग में सेवा प्रदान करने के बाद सेवानिवृत्त होने बाले पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारासॉल, श्रीफल एवं एक-एक ट्राली बैग देकर कर उनके अनुभव साझा करते हुये दी विदाई

**राकेश परिहार पिछोर**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निरी. विजय वहादुर बुल्देला, सउनि. (अ) उमादेवी कुशवाह, का.वा सउनि. चन्दन सिंह यादव, का.वा सउनि. कल्याण सिंह, का.वा सउनि. कमलेश यादव को दिनांक 31.08.2023 को सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा सॉल, श्रीफल एवं एक ट्राली बैग देकर विदाई दी गई । सभी सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी एवं



कर्मचारियों ने सेवाकाल के दौरान उनके अनुभवों को साझा किया तथा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा उनको अग्रिम भविष्य की सुभकामनाऐं देकर उनको सेवानिवृत्त प्रमाण पत्र, श्रीफल, अंग वस्त्र और एक-एक ट्राली बेग भैंट में दिये ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले, एसडीओपी श्री अजय भार्गव रक्षित निरीक्षक श्री अनिल कवरेती एवं सूबेदार भानु प्रताप उपस्थित रहे।

## शिवपुरी पुलिस द्वारा बैंक से पैसे गवन करने बाले आरोपी पर की कार्यवाही

## जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक शाखा करैरा मे तीन करोड़ ब्यासी लाख का गवन करने बाले आरोपी को करैरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**करै रा,।**फरियादी सर्जन सिंह भदौरिया शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा करैरा के द्वारा बैंक के साथ प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था टोड़ा पिछोर जिला शिवपुरी के कर्मचारियों द्वारा 3,82,79,236 /- रू. की धनराशि का आहरण व अंतरण कर धोखाधडी करने के संबध मे थाना करैरा पर रिपोर्ट की गयी थी । जिस पर से थाना करैरा पर आरोपीगण शिवकुमार शर्मा सहायक समिति प्रबंधक टोडा पिछोर, रविन्द्र भार्गव तत्कालीन शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक करैरा, भृत्य गुरूदेव कुशवाह, सेवा निवृत्त भृत्य अरूण भार्गव, सेवा निवृत्त बैंकिंग सहायक सीताराम ठाकुर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक करैरा द्वारा अपनी आई.डी. का उपयोग करते हुये बैंक के साथ बैंक की राशि का षड्यंत्र पूर्वक गबन कर भ्रष्टाचार किये जाने का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। उक्त प्रकरण मे आरोपीगण लगातार फरार चल रहे थे जिनकी गिरफ्तारी के किये गये प्रयासो के दौरान आरोपी गुरूदेव उर्फ गौरव पुत्र गणेशीलाल कुशवाह निश पुरानी शिवपुरी जिसकी आईडी से दो करोड रूपये का षडयंत्र पूर्वक बैक की राशि का आहरण किया जाना पाया गया है। उक्त आरोपी को दिनांक 31.08.23 को गिरफ्तार किया गया है ।

**जनआशीर्वाद यात्रा के लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का काम करेगी :पूर्व विधायक रणवीर रावत**

# मेहगांव विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत एवं प्रभावी सभा होगी :ओपीएस भदौरिया

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी मिशन 2023 विधानसभा चुनाव में जनता से आशीर्वाद लेने

**यात्रा 8 सितंबर को बुधारा से भिण्ड की सीमा में करेगी प्रवेश**

के लिए यात्रा क्रमांक 5 दिनांक 8 सितंबर को बुधारा पर में प्रवेश करेगी जहां जिले की सीमा पर भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता वहां पहुंचकर यात्रा की भाव अगुवानी करते हुए मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के नगर परिषद गोरमी में शाम 5 बजे प्रवेश करेगी जहां रथ सभा के माध्यम से पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व संबोधित करेंगे और पार्टी के कार्यकर्ता जगह-जगह स्वागत के लिए तोरण द्वार बनाकर यात्रा पर पुष्पवर्षा करेंगे। यह बात प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक जन आशीर्वाद यात्रा के संभागीय प्रभारी रणबीर रावत ने होटल मधुबन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही।जन आशीर्वाद यात्रा के संभागीय प्रभारी रणवीर रावत ने प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि जन आशीर्वाद यात्रा 8 सितंबर 5=30 बजे गोरमी में प्रवेश करेगी, मेहनपुरा, शाम 6=30 बजे कचनाव, शाम 7 बजे प्रतापपुर, होती हुई , अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पारा में जनसभा आयोजित की जाएगी। यह यात्रा पारा से प्रारंभ होकर अनेक स्थानों पर स्वागत होगा और भिण्ड शहर में अटेर रोड होती हुई प्रवेश करेगी जहां शहर के जगह-जगह स्थान पर यात्रा का भाव स्वागत पुष्प वर्षा होती हुई अहिंसा चौक खंड रोड पर रात्रि 8 बजे जनसभा में पहुंचेगी जहां पार्टी के वरिष्ठ नजन एवं केंद्रीय मंत्री मुख्यमंत्री तथा संगठन के नेता विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। रात्रि विश्राम भिण्ड




में ही होगा। उन्होंने कहा कि तीन दिन तक चलने वाली जन आशीर्वाद यात्रा दूसरे दिन 9 सितंबर को भिण्ड से प्रारंभ होकर सुबह लावन बरही,गिजुर,बरहद बहुआपुरा से स्वागत होती हुई विधानसभा क्षेत्र गोहद चौराहा में प्रवेश करेगी जहां गोहद में सभा आयोजित होगी यह यात्रा में भव्य स्वागत होगा। विधानसभा क्षेत्र लहर में शाम 5 बजे विशाल जनसभा संबोधित की जाएगी और रात्रि या विश्राम श्री रावतपुरा धाम में होगा। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा तीसरे दिन 10 सितंबर को सुबह श्री रावतपुरा धाम से सुबह प्रस्थान होती हुई दमोह पहुंचेगी जहां दमोह नगर रतनपुर में भाव पार्टी के कार्यकर्ता यात्रा का स्वागत करेंगे उसके बाद ही है यात्रा दतिया जिले के सेवाड़ा विधानसभा में प्रवेश कर जाएगी। ने सभी विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों से आग्रह किया है की जिन-जिन स्थानों से यात्रा एवं जनसभा आयोजित की जा रही है जिसे प्रभावी बनाने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए सभा एवं स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं को निर्धारित स्थानों पर पहुंच कर यात्रा की अगवानी करेंगे।नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्य मंत्री ओ .पीं .एस भदौरिया ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर कहा की मेहगांव विधानसभा में जन आशीर्वाद यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत पार्टी के कार्यकर्ता करेंगे और विशाल जनसभा भी आयोजित की जाएगी उन्होंने कहा भाजपा का कार्यकर्ता पूरे तरह से चुनाव के लिए तैयार है और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए सैनिक की तरह जुड़ चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई विकास की नीति नहीं है मात्र झूठ बोलना उनकी संस्कृति में आता है और जनता को भृमित कर तुष्टिकरण की राजनीति पर चुनाव जीतना चाहते हैं, लेकर हमारा कार्यकर्ता हर बूथ पर कांग्रेस को जवाब देने के लिए तैयार हो चुका है।पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, केशव सिंह भदौरिया,उपेंद्र राजौरिया, प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू,अध्यक्ष अमित जैन,शेर पचौरी,सुनील बाल्मिक,ओमप्रकाश अग्रवाल मौजूद रहे।

## उद्योग क्षेत्र मालनपुर में 7 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी 220 के वी मेंटेनेंस व ट्रांसफर बदलने जाएंगे

**दैनिक पुष्पांजली टूडे**
**मालनपुर संवाददाता**
**पहलवान सिंह**

मालनपुर उद्योग क्षेत्र मालनपुर में बड़ी उद्योग इकाइयों के साथ-साथ लघु उद्योग एवं ग्रामीण आबादी क्षेत्र की सप्लाई 7 घंटे बंद रहेगी मेंटेनेंस के नाम पर मध्य प्रदेश विद्युत कंपनी के उप माह प्रबंधक हरीश मेहता ने दी प्रेस को यह जानकारी देते हुए बताया कि उद्योग में क्षेत्र में मालनपुर के बड़े उद्योग छोटे कारखने एवं ग्रामीण आबादी आदि दिनांक 3/9/ 2023 को सुबह 10=00 बजे से लेकर 5=30 बजे तक व 220 के वी उपकेंद्र पर मेंटेनेंस का कार्य जिसमें सी टी



ट्रांसफार्मर बदलने कार्य किया जाना है आदि मेंटेनेंस कार्य होने से बड़े उद्योग एस आर एफ, गोदरेज, मोंटेज फ्लेक्स, जमुना ऑटो,मैफ आटो मोंटेज गिघोगी व 1,2,3 ,नंबर आबादी लेहचुरा एवं टी इंडस्ट्रियल समस्त उपभोक्ताओं की सप्लाई ग्राम सहित बंद रहेगी ग्राम की लाइट बंद रहेगी जिसमें नगर मालनपुर तिलोरी घिरोगी सिंगवारी हरी रामपुरा खुमान का पुरा टुडीला सभी विद्युत लाइन 3 दिसंबर रविवार को सुबह 10=00 बजे से लेकर 5=30 बजे तक बंद रहेगी

## जमना ऑटो मालनपुर ने आजस्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**पुष्पांजली टूडे**
**मालनपुर**
**संवाददाता**
**पहलवान सिंह**

**मालनपुर** नगर के सिगंबारी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर पी एफ ए आई के विशेषगो द्वारा लगाया गया जिसमे लगभग 225 लोगों का परीक्षण किया गया एवम निशुल्क दवाई या वितरित की गई। यह शिविर कंपनी के महा प्रबंध क (कर्मिक और प्रसाशन) एन एम क्यू शम्सी के मार्ग दर्शन मे सामाजीक दायित्वों के निर्वाह (सी एस आर) के अंतर गत किया गया। कंपनी का उद्देश आस पास के गांव में स्वास्थ्य सेवाएं होती रहे तो बीमारियों पर नियंत्रण बना रहेगा। उत्तम सुख निरोगी काया का संकल्प बना रहेगा। सी एस आर के सायोजक जगत सिंह निरंजन ने बताया आस पास के गॉव मे कैंप आयोजित होते रहेंगे। कंपनी के डाक्टर राजेश शाक्य ने स्वस्थ रहने के बहुत अच्छे नुक्से बताये। पी एफ ए आई की शाखा प्रबंधक डाकटर नीलम दीक्षित जो की पूरी डॉक्टर एवम सहयोगी स्टाफ के साथ शिविर को सफल बनाने में जुटी रही । शिविर बहुत ही अच्छे से संपन्न हुआ। सिंगवारी के पा रशाद श सवीर खाँन ने जमना ऑटो का बहुत बहुत धन्यवाद करते हुए आगे भी शिविर लगाने का अनुरोध किया। सी एस आर का रामरतन सिंह ने पूर्ण सहयोग

## थाना जैतवारा पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध बडी कार्यवाही

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

**21लीटर देसी शराब (हाथ भट्टी से बनी )के साथ 02 आरोपी पर कारवाही**

श्री आशुतोष गुप्ता(भापुसे) पुलिस अधीक्षक महोदय, सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री विक्रम सिंह अपुअ ग्रामीण सतना, श्री विजय सिंह डीएसपी मुख्यालय सतना के मार्गदर्शन थाना प्रभारी जैतवारा श्वेता मौर्य के नेतृत्व में बड़ी कार्यवाही

**घटना विवरण-** दिनांक 31.08.23 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि संदेही संतोष दोहर पिता वीरेंद्र डोहर निवासी चिल्ला निवासी अपने घर अवैध नशीली देसी शराब हाथ भट्टी से बनी हुई विक्री कर रहा था जैतवारा पुलिस ने दबिश देकर 10 लीटर देसी शराब हाथ भट्टी से बनी जप्त की इसी तरह चदई निवासी मनीष कोल पिता भोला कोल के पास से 11 लीटर देसी शराब हाथ भट्टी से बनी पुलिस ने जप्त तक की दोनों आरोपियों पर जैतवारा पुलिस कर रही कार्रवाई

**जव्त मशरुका का विवरण**

21 लीटर देसी शराब हाथ भट्टी से बनी हुई कीमती 4200 रुपये

**नाम पता आरोपी**

संतोष डोहर पिता वीरेंद्र डोहर निवासी चिल्ला थाना जैतवारा

मनीष कोल पिता भोला कोल निवासी चदई थाना जैतवारा

**सराहनीय भूमिका-** उपरोक्त अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही में थाना प्रभारी श्वेता मौर्य उप निरीक्षक विजय सिंह सउनि आर पी वर्मा प्र0आर0 शत्रुघ्न गौतम प्रधान आरक्षक दयाराम प्रधान आरक्षक ऋषि द्विवेदी प्रधान आरक्षक अर्पित त्रिवेदी आर0 विजय राय अभिलाष सिंह अमित दीक्षित संदीप शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही है ।

## जैतवारा पुलिस द्वारा टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहनों के की गई चेकिंग



**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**

सतना पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता जी के एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विक्रम सिंह एवं विजय सिंह डीएसपी मुख्यालय के निर्देशन पर थाना प्रभारी जैतवारा श्वेता मौर्य के कुशल नेतृत्व में थाना जैतवारा पुलिस दो पहिया चार पहिया वाहनों के चेकिंग कर आवश्यक दस्तावेज एवं हेलमेट ना पहनने पर चालानी कार्रवाई करते हुए समझाइस दी गई वाहन चेकिंग में उप निरीक्षक विजय सिंह प्रधान आरक्षक दयाराम प्रधान आरक्षक शत्रुघ्न गौतम लाल सिंह अमित दीक्षित अभिलाष सिंह मौजूद

## समाज कल्याण के लिए सामाजिक संस्था साईंशा फाउंडेशन हुई लोकर्पित

**विधानसभा अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री के हाथों हुई उद्घाटित**


**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**(सम्भागीय ब्यूरो रीवा)**

**रीवा।** समाज कल्याण, कला, साहित्य एवं संस्कृति के उत्थान हेतु एक नवीन सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ÷साईंशा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन÷ का लोकार्पण किया गया! लोक हितार्थ विभिन्न उद्देश्यों को लेकर निर्मित संस्था का उद्घाटन मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम एवं कैबिनेट मंत्री राजेंद्र शुक्ला के हाथों सम्पन्न हुआ !उक्त आशय की जानकारी साईंशा फाउंडेशन के अध्यक्ष साकेत श्रीवास्तव, सचिव सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं सदस्य शुभम सिंह ने आज यहाँ पर जारी अपनी एक लिखित प्रेस विज्ञप्ति में दी



है !विज्ञप्ति में आगे बताया गया कि समाज में व्याप्त प्रमुख समस्याओं के समाधान एवं जन जागरूकता के लिए संस्था अनवरत रूप से कार्य करेगी ! जिनमें नशा मुक्ति आंदोलन, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ एवं शिक्षा सहित अनेक विषय शामिल है! इसके अलावा कला, साहित्य, लोक संस्कृति एवं लोक सभ्यता के उत्थान हेतु भी संस्था के द्वारा प्रयास किये जाएंगे !विज्ञप्ति के अंत में बताया गया कि संस्था के कार्यक्रमों का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण के साथ किया जायेगा ! इसके बाद सतत रूप से अन्य गतिविधियों का संचालन किया जायेगा

## रीवा चोरहटा बायपास में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक युवक की मौके पर ही मौत





**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** चोरहटा बायपास मारुति सुजुकी एजेंसी के पास हुआ भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार कार ने मारी बाइक सवार को टक्कर बाइक में 3 लोग थे सवार, एक युवक की मौके पर ही मौत,वही दो लोगों की हालत गंभीर, जिन्हे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया है। चोरहटा पुलिस मौके पर मौजूद, मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम गुल्ली साकेत निवासी चोरहटा है,परिजनों ने किया चक्का जाम,मौके पर पहुंचे रीवा हुजूर तहसीलदार, परिजनों को 5000 रुपए की सहायक राशि प्रदान कर चक्का जाम खुलवा कर युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया।

## संस्कृत के अध्ययन व शोध के लिए रीवा में बनेगा महर्षि पाणिनी संस्थान,सीएम शिवराज ने की घोषणा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**(सम्भागीय ब्यूरो)**

**रीवा।**अष्टाध्यायी ग्रंथ के रचयिता व संस्कृत के व्याकरण विज्ञानी महर्षि पाणिनि के नाम से रीवा में संस्कृत का शैक्षणिक संस्थान स्थापित किया जाएगा। यहां संस्कृत भाषा के अध्ययन-अध्यापन का कार्य एवं शोध होगा। भविष्य में इस केंद्र का विस्तार किया जाएगा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह निर्देश अपने आवास पर हुई उच्च शिक्षा विभाग की बैठक में दिए। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा केसी गुप्ता तथा अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।बता दें प्रदेश में महर्षि पाणिनि के नाम से धार्मिक नगरी उज्जैन में संस्कृत विश?वविद्यालय संचालित है। महर्षि पाणिनि को संस्कृत भाषा का जनक कहा जाता है। संस्कृत भाषा को व्याकरण सम्मत रूप देने में महर्षि पाणिनि का अहम योगदान रहा है। महर्षि पाणिनी के संस्कृत में बड़े योगदान के कारण ही उन्हें संस्कृत के जनक के रूप में जाना जाता है। पाणिनि अष्टाध्यायी नामक व्याकरण ग्रंथ की रचना की थी।

**सतना हाफ मैराथन की तैयारियां जोर शोर से शुरू**

## सतना महापौर योगेश ताम्रकार व डा. राकेश मिश्र ने व्यंकट स्कूल मैदान पर लिया जायजा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**(सम्भागीय ब्यूरो)**

**शहर में ड्रोन द्वारा धावकों पर होगी पुष्प वर्षा**

**सतना।** पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन की तैयारियां जोरों से चल रही है। न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र जी एवं सतना महापौर योगेश ताम्रकार जी ने आज बेकंट वन स्कूल के मैदान का जायजा लिया एवं तैयारियों की समीक्षा की। इसके पश्चात मैराथन की तैयारियों में लगी हुई सभी टीमों की बैठक हुई और सभी कार्यकर्ताओं के विभागों के कार्य बांटे गए। बैठक में यह तय हुआ की 2 सितम्बर 2023 को मैराथन के प्रचार प्रसार के लिए शहर में बाइक रैली निकाली जायेगी। न्यास अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र जी ने बताया की छब्बीस राज्यों के हज़ारों प्रतिभागी सतना की सड़कों पर दौड़ने के लिये तैयार हैं।चौथी बार सतना में एक लघु भारत का स्वरूप सेवा न्यास के माध्यम से बनेगा। मैराथन में रजिस्ट्रेशन का कार्य बंद हो गया है और सभी कार्यकर्ता मैराथन को सफल बनाने के लिए तैयारियों में लगे हुए हैं।

## हाथ की बनी देसी कच्ची शराब नोनेरा से पकड़ी 14000 रुपए कीमत की

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर।**भिंड पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब धर पकड़ अभियान के तहत मालपुर थाना पुलिस ने 55 लीटर देसी कच्ची शराब लगभग 14000 रुपए कीमत की आरोपी से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया पुलिस द्वारा मिली जानकारी में बताया गया बीते दरयानी रात्रि सूचना पर चल रहा देसी अवैध शराब कारोबार नोनेरा रोड पर मालनपुर पुलिस के द्वारा एएसपी संजीव पाठक गोहद एसडीओपी सौरव कुमार के निरदेशन में थाना प्रभारी डॉक्टर संतोष यादव वह उप निरीक्षक बलवंत सिंह यादव मालनपुर ने नोनेरा की पुलिया पर अवैध कच्ची शराब का कारोबार करने वाले को धर दबोचा पूछने पर जिसने अपना नाम कृपाल सिंह पुत्र गोपाल माहौर 37 वर्ष निवासी नोनेरा थाना मालनपुर का रेवासी था जिसके पास से दो प्लास्टिक कट्टी 55 लीटर कच्ची देसी शराब हाथ की बनी हुई बरामद की जिसकी कीमत लगभग 14000 रुपए बताई गई है आरोपी



को गिरफ्तार किया जाकर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई जिसमें 184 / 23 धारा 34 / 2 मुकदमा पंजीवध किया गया उक्त कार्रवाई टीम में उप निरीक्षक बलवंत सिंह यादव प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र शुक्ला प्रधान आरक्षक राजेश आरक्षण पंकज सिंह तोमर आरक्षक आदित्य सिंह आरक्षक रामानंद का सहयोग रहा

# सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया 3 सितम्बर से 5 सितम्बर तक भिंड जिले के प्रवास पर रहेंगे

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 3 सितम्बर से 5 सितम्बर 2023 तक तीन दिवसीय प्रवास के दौरान अटेर क्षेत्र के ग्रामो में लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया 2 सितम्बर 2023 को दोपहर 12 बजे भोपाल से कार द्वारा प्रस्थान कर सायं 7 बजे भिण्ड आएंगे एवं रात्रि विश्राम भिण्ड में ही करेंगें ।सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया 3 सितम्बर 2023 को प्रातः10 बजे ग्राम खुर्द में खुर्द से बरोही पहुंच मार्ग (लं. 5.60 किमी लागत 443.69 लाख) का भूमिपूजन कार्यक्रम एवं जलजीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुर्द में नलजल योजना ( लागत 259.21 लाख) का भूमिपूजन कार्यक्रम, प्रातः 11.30 बजे ग्राम महापुर में ग्राम महापुर प्रधानमंत्री मार्ग से स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच मार्ग (लं. 3.10 किमी लागत 214.23 लाख) का भूमिपूजन कार्यक्रम, दोपहर 1 बजे ग्राम देहरा में देहरा से बगुलरी पहुंच मार्ग (लं. 3.6 किमी लागत 331.10 लाख) का भूमिपूजन कार्यक्रम, दोपहर 2 बजे ग्राम जमसारा में जमसारा नहर मार्ग से विण्डवा (मघारा) की पुलिया पहुंच मार्ग (लं. 2.85 किमी लागत 261.25 लाख) का भूमिपूजन कार्यक्रम एवं



जलजीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जमसारा में नलजल योजना (लागत 153.25 लाख) का भूमिपूजन कार्यक्रम, अपरान्ह 3 बजे ग्राम कदौरा में भिण्ड-अटेर-पोरसा मार्ग पर ग्राम कदौरा मुख्य मार्ग हरिजनों का पुरा (अनुसूचित जाति बस्ती) पहुंच मार्ग (लं.1.40 किमी लागत 131.69 लाख) का भूमिपूजन कार्यक्रम एवं जलजीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कदौरा में नलजल योजना (लागत 97.48 लाख) का भूमिपूजन करेंगे। सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 4 सितम्बर 2023 को प्रातः10 बजे ग्राम कुरथरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र कुरथरा के भवन एवं स्टाफ आवास (लागत 49.14 लाख) का लोकार्पण कार्यक्रम, प्रातः11.30 बजे ग्राम सकराया में सकराया से रानी विरगवां पहुंच मार्ग (लं.4.90 किमी लागत 644.27 लाख) का भूमिपूजन कार्यक्रम, दोपहर 1 बजे ग्राम बडेपुरा में बडेपुरा से सिद्व बाबा मंदिर पहुंच मार्ग (लं.3.10 किमी लागत 326.9440 लाख ) का भूमिपूजन कार्यक्रम, दोपहर 2 बजे ग्राम सपाड में उप स्वास्थ्य केन्द्र सपाड के भवन एवं स्टाफ आवास (लागत 49.14 लाख) का लोकार्पण कार्यक्रम, अपरान्ह 3 बजे ग्राम रमा में रमा से दक्षिणी माता मंदिर पहुंच मार्ग (लं.1.10 किमी लागत 87.15 लाख) का भूमिपूजन करेंगे। इसी प्रकार सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 5 सितम्बर 2023 को प्रातः11.30 बजे वेयर हाउस (सहकारी समिति का नवनिर्मित भवन) प्रतापपुरा में श्रीवास (सेन) समाज का सम्मेलन कार्यक्रम में, दोपहर 2 बजे बहरायपुरा में बहरायपुरा से सांकरी पहुंच मार्ग (लं.4.90 किमी लागत 644.27 लाख) का भूमिपूजन कार्यक्रम, अपरान्ह 3 बजे ग्राम गोहरा में ग्राम गोयरा से सीसिया हनुमान जी मंदिर पहुंच मार्ग (लं. 4.90 किमी लागत 644.27 लाख ) का भूमिपूजन कार्यक्रम, अपरान्ह 4 बजे ग्राम सराया/ज्ञानपुरा में जलजीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत सराया में नलजल योजना (लागत 153.25 लाख ) का भूमिपूजन करेंगे।

## सम्पादकीय

### संतुलित नजरिए की जरूरत

पुणे की एक सोसाइटी से जुड़े आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को बहाल रखा है। यानी आवारा कुत्तों को उस इलाके से हटाने की सोसाइटी की कोशिशों को सुप्रीम कोर्ट से संरक्षण नहीं मिला। इसी साल 7 फरवरी को सात साल के एक बच्चे पर सोसाइटी में घूमने वाले एक कुत्ते ने अटैक कर दिया था, जिसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ा। सोसाइटी ने उस इलाके में घूमने वाले 20 कुत्तों को पकड़ कर पिंजरे में डलवा दिया, जिसका कुछ डॉग लवर्स ने विरोध किया। मामला न सुलझने पर दोनों पक्ष कोर्ट पहुंचे। हाउसिंग सोसाइटियों में कुत्ते विवाद और टकराव का एक बड़ा कारण बनते जा रहे हैं। पिछले दिनों इंदौर में कुत्ते के मसले पर ही फायरिंग की घटना हो गई, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में इसी साल मार्च महीने में आवारा कुत्तों के हमले में 7 और 9 साल के दो बच्चों की जान चली गई। केरल के कन्नूर जिले में कुत्तों के हमलों की बेतहाशा बढ़ती घटनाओं से जुड़ा एक मामला अभी भी सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। इस मुद्दे की गंभीरता का अंदाजा इस बात से हो सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हर साल रैबीज के चलते करीब 20,000 लोगों की जान जाती है। यह दुनिया में रैबीज से होने वाली कुल मौतों का एक तिहाई है।

कुत्तों के हमले की बढ़ती घटनाओं के चलते जहां लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इन्हीं सोसाइटियों में रहने वालों का एक तबका ऐसा है जो घरों में पाले जाने वाले डॉगीज ही नहीं घरों से बाहर के आवारा कुत्तों के भी बचाव में खड़ा नजर आता है। इसमें कुछ गलत भी नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि चाहे हाउसिंग सोसाइटी हों या सोसाइटी के बाहर गलियों मोहल्लों में रहने वाली आबादी, हर नागरिक की सुरक्षा का सवाल अहम है। कुत्तों या अन्य पशुओं से उनकी रक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। लेकिन ऐसा करते हुए अन्य नागरिकों के अधिकारों और पहले से देश में लागू नियम-कानूनों की अनदेखी करने की छूट नहीं दी जा सकती। एक अन्य मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच भी मान्य कर चुकी है कि आवारा कुत्तों को भोजन का अधिकार है और नागरिकों को भी ये हक है कि वे अपने इलाके में पलने वाले आवारा कुत्तों को खाना खिलाएं। हां, इन्हें किस तरह भोजन मुहैया कराया जाए इस बारे में भी दिल्ली हाईकोर्ट की गाइडलाइन है। कुत्तों के साथ क्रूरता किए बगैर उन्हें केयर दिए जाने, उनका वैक्सिनेशन करने और उनके बर्थ कंट्रोल की व्यवस्था करने जैसे तमाम कदमों के प्रावधान पहले से स्थापित नियमों में हैं। जाहिर है, इस मामले में सावधानी के साथ ही संतुलित नजरिए की जरूरत है।

## चुनावों से पहले अखिलेश को सपने में श्रीकृष्ण आते थे, अब स्वामी प्रसाद मौर्य कह रहे हैं हिंदू धर्म छलावा है

**नीरज कुमार दुबे**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य कभी श्रीरामचरितमानस का अपमान करते हैं, कभी चारों धामों में से एक बद्रीनाथ धाम को लेकर अनर्गल बयानबाजी करते हैं तो कभी वह ब्राह्मणों का अपमान करते हैं। इस सबसे आगे जाकर अब स्वामी प्रसाद मौर्य ने दावा कर दिया है कि हिंदू नाम का कोई धर्म ही नहीं है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ब्राह्मणवाद की जड़ें बहुत गहरी हैं और सारी विषमता का कारण भी ब्राह्मणवाद ही है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने ज्ञान के आधार पर कहा है कि हिंदू नाम का कोई धर्म है ही नहीं, हिंदू धर्म केवल धोखा है। स्वामी प्रसाद मौर्य का दावा है कि सही मायने में जो ब्राह्मण धर्म है, उसी ब्राह्मण धर्म को हिंदू धर्म कहकर इस देश के दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को अपने धर्म के मकड़जाल में फंसाने की एक साजिश है। उनका कहना है कि अगर हिंदू धर्म होता तो आदिवासियों का भी सम्मान होता है, दलितों का भी सम्मान होता, पिछड़ों का भी सम्मान होता, लेकिन क्या विडंबना है.....। स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान पर यही कहा जा सकता है कि समाजवादी पार्टी ने हिंदुओं को उकसाने और हिंदू धर्म का अपमान कर तुष्टिकरण की राजनीति के तहत एक पक्ष का एकमुश्त वोट पाने के लालच में जो खेल रचा है वह बेहद खतरनाक है। इससे समाजवादी पार्टी को भले एक पक्ष का एकमुश्त वोट मिल जाये लेकिन समाज विभाजित हो जायेगा। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव वैसे तो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन जब-जब स्वामी प्रसाद मौर्य हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुँचाते हैं तब-तब वह चुप्पी साध लेते हैं। अखिलेश यादव की चुप्पी पर हैरत इसलिए होती है क्योंकि विधानसभा चुनाव से पहले वह दावा करते थे कि भगवान श्रीकृष्ण उनके सपने में आते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि परिस्थितियां दर्शा रही हैं कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बड़बोलेपन को अखिलेश की सहमति है। वैसे भी बिना नेतृत्व की सहमति के कोई पार्टी पदाधिकारी इस तरह के बयान दे ही नहीं सकता। हम आपको याद दिला दें कि जनता की अदालत में पिट चुके स्वामी प्रसाद का समाजवादी पार्टी में रुतबा भी अखिलेश यादव ने तभी बढ़ाया था जब मौर्य ने श्रीरामचरितमानस के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। वैसे, हिंदू धर्म को धोखा बताने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की बातों से लगता है कि उन्हें हिंदू शब्द का अर्थ ही पता नहीं है। इसलिए स्वामी प्रसाद मौर्य को समझना होगा कि जो आदमी भारत में पैदा हुआ है, जो व्यक्ति यहां का अन्न खाता है और यहां की नदियों का पानी पीता है, वह हिंदू ही है? स्वामी प्रसाद मौर्य को समझना होगा कि राष्ट्र में जीवन के अद्वितीय आध्यात्मिकता-केंद्रित दृष्टिकोण को विश्व स्तर पर हिंदू नाम से जाना जाता है, जिसके कारण यह राष्ट्र हिंदू है और इसका विशेषण सनातन है। स्वामी प्रसाद मौर्य को समझना होगा कि भारत की सारी आबादी हिंदू समाज ही है, चाहे उनका धर्म और संस्कृति अथवा पूजा पद्धति कुछ भी हो। स्वामी प्रसाद मौर्य को समझना होगा कि हिंदू, हिंदुत्व या हिंदू राष्ट्र शब्द हमारे द्वारा नहीं, बल्कि उन लोगों द्वारा दिया गया था, जिन्होंने भारत देश को बाहर से देखा और हमें हिंदू के रूप में अलग करने के लिए हमारी इस विशिष्टता को नाम दिया। बहरहाल, जहां तक स्वामी प्रसाद मौर्य की ओर से ब्राह्मणों पर किये गये हमले की बात है तो उन्हें समाजवादी पार्टी के उस ऐलान पर भी जवाब देना चाहिए जो 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले किया गया था। उस समय ब्राह्मण समुदाय को लुभाने की कोशिश में समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में भगवान परशुराम की मूर्तियाँ लगवाने का ऐलान किया था। यही नहीं, लखनऊ में तो 108 फुट ऊंची भगवान परशुराम की प्रतिमा लगवा भी दी गयी थी। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी के तीन ब्राह्मण नेताओं- अभिषेक मिश्र, माता प्रसाद पांडे और मनोज पांडे को जिम्मेदारी सौंपी थी कि ब्राह्मणों को सपा के पक्ष में एकजुट किया जाये। इसके अलावा समाजवादी पार्टी दिवंगत जनेश्वर मिश्र के नाम पर भी ब्राह्मणों को लुभाने का प्रयास करती रहती है। इसलिए अखिलेश यादव को भी जवाब देना चाहिए कि ब्राह्मणों के लिए जो ऐलान विधानसभा चुनावों से पहले किये जा रहे थे क्या वह सब फर्जी थे? अखिलेश यादव को बताना चाहिए कि ब्राह्मणों के बारे में जो स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा है क्या पार्टी उससे इत्तेफाक रखती है?

## ब्रिक्स का विस्तार किये जाने से दुनिया में संतुलन कायम हो सकेगा

**ललित गर्ग**

ब्रिक्स समिट दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में काफी सफल एवं निर्णायक रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स का विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है जिसमें अब छह देशों की सदस्यता देने पर सहमति बनी है, जिसमें सउदी अरब, यूएई, मिस्र, इथोपिया, अर्जेंटीना और ईरान शामिल हैं। इन शक्ति सम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये।

फिलहाल दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी ब्रिक्स देशों में रहती है। एक क्वार्टर दुनिया की जीडीपी ब्रिक्स में है। इन्हीं सब वजहों से दुनिया के देशों को यह आकर्षित करता है और अभी फिलहाल 22 देशों ने इसका सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। भारत का मानना था कि समान सोच वाले देशों को साथ लेकर चला जा सकता है। आने वाले समय में ब्रिक्स दुनिया की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने लगेगा। रूस और चीन की यह मंशा कही जा रही थी कि अमेरिका या पश्चिम को यह संदेश दिया जा सके कि पश्चिमी दुनिया को ब्रिक्स चुनौती देगा। निश्चित ही ब्रिक्स की ताकत से एक संतुलन स्थापित हो रहा है और पश्चिमी देशों के अहंकार एवं दुनिया पर शासन करने की मंशा पर पानी फिरा है। हमारा भविष्य सितारों पर नहीं, जमीन पर निर्भर है, वह हमारा दिलों में छिपा हुआ है, दूसरे शब्दों में कहें तो हमारा कल्याण अन्तरिक्ष की उड़ानों, युद्ध, आतंक एवं शस्त्रों में नहीं, पृथ्वी पर आपसी सहयोग, शांति, सह-जीवन एवं सद्भावना में निहित है। 'वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र इसलिये सारी दुनिया को भा रहा है। इसलिये बदलती हुई दुनिया में, बदलते हुए राजनैतिक हालात में सारे देश एक साथ जुड़ना चाहते हैं।

अब ब्रिक्स देशों में छह नए देशों के शामिल हो जाने से ब्रिक्स देशों की वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी 26 प्रतिशत हो जाएगी। ब्रिक्स के विस्तार का उद्देश्य पश्चिमी देशों के प्रभुत्व वाली वैश्विक व्यवस्था में एक काउंटरवेट के रूप में उभरना है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की पेचीदगी कह लीजिए या खूबसूरती, इसमें कदम-कदम पर विडंबनाएं और विरोधाभास देखने को मिलते हैं। सोचिए, एक तरफ चीन से मुकाबले के लिए भारत और अमेरिका साथ आए हैं, तो दूसरी तरफ ब्रिक्स में चीन और भारत, उन पश्चिमी देशों के दबदबे के खिलाफ एकजुट हैं जिनका प्रतिनिधित्व अमेरिका करता है।

ब्रिक्स (ब्राजील, भारत, चीन, रूस व दक्षिण अफ्रीका) का संगठन ऐसा सपना है जिसे भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी ने भारत के विदेश मन्त्री के तौर पर 2006 में देखा था। सितम्बर 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासंघ की साधारण सभा में भाग लेने गये प्रणव दा ने तब इस सम्मेलन के समानान्तर बैठक करके भारत, रूस, चीन व ब्राजील का एक महागठबन्धन तैयार किया था जिसे शुरू में 'ब्रिक' कहा गया था। प्रणव दा बदलते विश्व शक्ति क्रम में उदीयमान आर्थिक शक्तियों की समुचित व जायज सहभागिता के प्रबल समर्थक थे और पुराने पड़ते राष्ट्रसंघ के आधारभूत ढांचे में रचनात्मक बदलाव भी चाहते थे। इसके साथ ही वह बहुध्रुवीय विश्व के भी जबर्दस्त पक्षधर थे जिससे विश्व का सकल विकास न्यायसंगत एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो सके। अब इसमें इन्हीं महाद्वीपों के छह नये देश शामिल किये गये हैं। अब नरेन्द्र मोदी ने इसमें सराहनीय भूमिका निभाई है। उनके दूरगामी एवं सूझबूझ भरे सुझावों का ब्रिक्स देशों ने लोहा माना है।




ब्रिक्स ने अपने गठन से लेकर अब तक जो तरक्की की है उसकी उपलब्धि इसके क्षेत्रों की वह आपसी समझदारी रही है जिसके तहत उन्होंने आपसी हितों की सुरक्षा करते हुए विश्व को नया शक्ति सन्तुलन चक्र देने का प्रयास किया है। जबकि रूस, यूक्रेन के बीच पिछले डेढ़ वर्ष से चल रहा वह युद्ध है जिसे पश्चिमी देशों के सामरिक संगठन 'नाटो' ने अनावश्यक रूप से पूरी विश्व अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बना दिया है। इस युद्ध के चलते पश्चिमी यूरोपीय देशों व अमेरिका ने रूस पर जिस तरह आर्थिक प्रतिबन्ध लगाये हैं उनसे दुनिया के देशों में आपसी कारोबारी भुगतान की नई समस्या ने जन्म लिया है जिसकी वजह से ये देश डॉलर के स्थान पर अपनी-अपनी मुद्राओं में भुगतान की व्यवस्था की सार्थकता को खोज रहे हैं। इसी वजह से ब्रिक्स सम्मेलन की समाप्ति पर दक्षिण अफ्रीका के मेजबान राष्ट्रपति श्री सिरिल रामाफोसा ने घोषणा की कि सम्मेलन में इस बात पर सहमति बनी है कि संगठन के देशों के विदेश मन्त्री व उनके केन्द्रीय बैंकों के गवर्नरों की एक बैठक बुलाकर यह विचार किया जाये कि क्या कारोबारी भुगतान के लिए देश अपनी- अपनी मुद्रा का प्रयोग कर सकते हैं? ऐसी वित्तीय प्रणाली विकसित होने से दुनिया में जिस नये वित्तीय ढांचे का निर्माण होगा उससे इन देशों की अर्थव्यवस्थाएं सीधे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगी जिसके असर से 'डॉलर' की ताकत को भी झटका लगेगा। ब्रिक्स का विस्तार होने के बाद दुनिया के दूसरे देशों के लोगों को भी विश्व विकास में अपनी हिस्सेदारी के प्रति ज्यादा विश्वास पैदा होगा और यकीन बनेगा कि दुनिया केवल पश्चिमी यूरोप व अमेरिका के बताये गये सिद्धान्तों पर ही नहीं चलेगी बल्कि इसके संचालन में उनकी भूमिका भी उल्लेखनीय होगी क्योंकि विभिन्न आय व मानव स्रोतों पर उनका भी हक है।

भारत पहले ही साफ कर चुका था कि वह ब्रिक्स के विस्तार के खिलाफ नहीं है। अन्य मुद्दों की तरह इस मामले में भी उसका रुख किसी खास देश या लॉबी के आग्रह या शंका आशंका से नहीं बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों से निर्देशित हो रहा था। ध्यान रहे, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम वैश्विक संगठनों और मंचों के विस्तार और उनमें समय के मुताबिक सुधार की वकालत करता रहा है। ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस एजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। ब्रिक्स के विस्तार की घोषणा ऐसे समय में हुई है जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की बातचीत लंबे समय से अटकी हुई है। ब्रिक्स के सदस्य देश चाहते हैं कि यूएनएससी में स्थायी सदस्यता के लिए और अधिक सीटें हों, ताकि पश्चिमी देशों के प्रभुत्व को कम किया जा सके। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स के विस्तार का स्वागत किया है और कहा कि इससे यह संदेश भी जाएगा कि सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को बदलते समय और परिस्थितियों के अनुकूल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि नए सदस्यों के शामिल होने से ब्रिक्स मजबूत हो जाएगा और हमारी साझा कोशिशों को भी बढ़ावा मिलेगा।

ब्रिक्स संगठन में भारत का वर्चस्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता एवं कूटनीति से बढ़ा है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स के विस्तार में भारत के रणनीतिक साझीदारों को भी जगह मिले। तो, आने वाले समय में भारत शायद इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे देशों की सदस्यता के लिए सिफारिश करे और उनको भी लेकर आए। इसलिए, अगर चीन यह सोच रहा है कि ब्रिक्स के प्लेटफॉर्म को वह अपने मन-मुताबिक इस्तेमाल कर सकेगा, तो वह शायद गलत समझ रहा है। भारत दुनिया में रणनीतिक दांव-पैंतरों से वाकिफ है और उसे अपने कार्ड सजाने और समय की नजाकत को देखते हुए रखने भी आ गए हैं। ग्लोबल साउथ का विश्वास चीन से घटा है और भारत पर बढ़ा है तो आनेवाले समय में नेतृत्व भी भारत ही करे तो कोई आश्चर्य नहीं है।

## विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. के लिए अब फैसला लेने का समय, अगर-मगर से नहीं बनेगी बात

**संतोष पाठक**

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को होने जा रही विपक्षी गठबंधन आई.एन.डी.आई.ए. की बैठक विपक्षी एकता के भविष्य के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विपक्षी नेताओं के लिए मुंबई की यह बैठक फैसला लेने वाली बैठक है क्योंकि अब किंतु-परंतु या अगर-मगर से बात नहीं बनने वाली है। विपक्षी नेताओं को अब एक ठोस स्वरूप में देश की जनता के सामने आना होगा, उन्हें देश की जनता को यह बताना होगा कि वह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव में किस तरह से मिलकर चुनाव लड़ेंगे ? चुनाव लड़ने का फॉर्मूला क्या होगा ? विपक्षी गठबंधन का संयोजक कौन होगा ? और अगर विपक्षी आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन समितियां का गठन करता है तो इन समितियों की रूपरेखा क्या होगी ? इन समितियों का नेतृत्व कौन करेगा ? और सबसे बड़ा सवाल यह है कि विपक्षी गठबंधन का मुद्दा क्या होगा ? क्या विपक्षी गठबंधन एक संयुक्त घोषणापत्र या मिनिमम कॉमन प्रोगाम के आधार पर चुनावी मैदान में नरेंद्र मोदी के खिलाफ हुंकार भरेगा या फिर यह गठबंधन एक ढीला-ढाला गठबंधन होगा जो सीट शेयरिंग तक ही सिमट कर रह जाएगा बल्कि कई सीटों पर भाजपा के खिलाफ आपस में ही फ्रेंडली फाइट लड़ता हुआ नजर आएगा ?

एक बात तो बिल्कुल साफ है कि विपक्षी गठबंधन अभी इस हालत में नहीं है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रधानमंत्री पद के लिए किसी एक चेहरे को सामने रख पाए लेकिन इसके बावजूद यह बात भी बिल्कुल सत्य है कि अगर विपक्षी गठबंधन को नरेंद्र मोदी जैसे ताकतवर नेता और भाजपा जैसे मजबूत राजनीतिक दल के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरना है तो उनके पास एक ठोस चुनावी रणनीति और सीट शेयरिंग का एक सॉलिड फॉर्मूला होना चाहिए और सीट




शेयरिंग का फॉर्मूला भी ऐसा जिसमें कोई किंतु-परंतु की गुंजाइश न हो। दरअसल, विपक्ष के कई नेता भाजपा के खिलाफ सिर्फ एक उम्मीदवार खड़ा करने की वकालत कर रहे हैं और मुंबई की बैठक में आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन में शामिल सभी विपक्षी राजनीतिक दलों को इस बात का फॉर्मूला तैयार करना होगा कि भाजपा के खिलाफ लड़ाई में किस राज्य में कौन-सा नेता नेतृत्व करेगा और वह नेता या राजनीतिक दल बाकी राजनीतिक दलों को अपने प्रभाव वाले राज्य में सीट शेयरिंग के किस फार्मूले के आधार पर एडजस्ट करेगा? दरअसल, पटना और बेंगलुरु की बैठक के बावजूद विपक्षी खेमे में अभी तक कई मुद्दों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। मिलकर चुनाव लड़ने की घोषणा के बावजूद, एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब के बाद अब राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है जहां कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला होना है। वहीं इसके साथ ही आम आदमी पार्टी ऐसा संकेत भी दे रही है कि वह बिहार में भी चुनाव लड़ सकती है जहां नीतीश कुमार और लालू यादव अन्य दलों के सहयोग से भाजपा के विजयी रथ को थामना चाहते हैं। अगर आम आदमी पार्टी अपने इस स्टैंड पर अड़ी रही तो निश्चित तौर पर राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा और बिहार में थोड़ा बहुत ही सही लेकिन जेडीयू और आरजेडी, दोनों को ही नुकसान झेलना पड़ेगा और इन विपक्षी दलों की आपसी लड़ाई का सबसे ज्यादा फायदा उसी भाजपा को मिलेगा जिसके खिलाफ इन विपक्षी दलों ने मिलकर आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन बनाया है।

इसलिए मुंबई की यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है क्योंकि इस बैठक के बाद विपक्षी गठबंधन को एक ठोस फैसले के साथ देश की जनता के सामने आकर यह बताना होगा कि विपक्षी गठबंधन में तमाम मुद्दों को लेकर सहमति बन चुकी है और अब कोई गतिरोध नहीं बचा है। सभी दल मिलकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे क्योंकि अगर इन तमाम मुद्दों पर आपसी सहमति नहीं बन पाती है तो फिर देश की जनता में विपक्षी गठबंधन को लेकर एक नकारात्मक राजनीतिक संदेश जाएगा और इसका असर आने वाले दिनों में विपक्षी एकता की मजबूती पर भी नकारात्मक रूप से पड़ता नजर आएगा।

## अकेले लड़ने की जिद पर अड़ीं मायावती के समक्ष बसपा को टूट से बचाने की चुनौती खड़ी है

**अजय कुमार**

बसपा सुप्रीमों मायावती की एकला चलो वाली थ्योरी ने कांग्रेस-समाजवादी पार्टी वाले आईएनडीआईए गठबंधन की धड़कनें बढ़ा दी हैं, सब जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में यदि बीजेपी के खिलाफ सपा-बसपा को साथ लिए बिना कोई गठबंधन बनता है तो ऐसे गठबंधन की कोई अहमियत नहीं रह जाती है क्योंकि कांग्रेस का तो यूपी में वजूद ही नहीं बचा है। बीजेपी को सपा-बसपा से जरूर थोड़ी-बहुत चुनौती मिलती रही है, लेकिन बसपा का दर्द अलग है। उसका हमेशा से मानना रहा है कि जब भी उनकी पार्टी बीजेपी के खिलाफ अन्य किसी दल के साथ गठबंधन करती है तो उसका वोट तो दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में ट्रांसफर हो जाता है, लेकिन बसपा प्रत्यशी को गठबंधन में दूसरे दलों के वोट नहीं मिलते हैं। इसीलिए अपने पुराने अनुभव के आधार पर अबकी से बसपा ने अकेले चलने का निर्णय लिया है, यह बीएसपी का एक राजनैतिक निर्णय हो सकता है, लेकिन इससे फायदा भारतीय जनता पार्टी को होगा इसमें भी कोई दो राय नहीं है। परंतु बसपा सुप्रीमो मायावती को इसकी चिंता नहीं है, वह तो कांग्रेस और भाजपा दोनों को ही एक ही थाली का बैगन बताती हैं। दोनों पर ही दलितों के साथ अत्याचार का आरोप लगाती हैं। मायावती कोई भी निर्णय लेने में सक्षम हैं। परंतु उनको इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि जब भी बहुजन समाज पार्टी कमजोर नजर आती है, तब उसमें टूट हो जाती है। अतः इससे भी मायावती को बचकर चलना होगा। यानी उनके सामने दोहरी चुनौती है, एक तरफ पार्टी को जीत की राह पर ले जाना है तो दूसरी ओर उन्हें पार्टी को टूट से भी बचाने की चुनौती होगी।

बसपा की रणनीति अपनी जगह है, मगर इस बात को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि आज की बसपा में वह दमखम नहीं रह गया है जो उसमें 2012 से पहले देखने को मिलता था। पिछले कई चुनावों में बसपा को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। मायावती कभी बड़ी-बड़ी रैलियों के लिए जानी जाती थीं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मायावती ने ऐसी कोई रैली नहीं की है जिससे उनकी ताकत का अंदाजा विरोधियों को लग पाए। चुनावी मौसम में एक ओर जहां पार्टियां अपनी तैयारियों और उम्मीदवारो के चयन पर मंथन कर रही हैं, अपने राजनीतिक भविष्य की नैय्या पार लगाने के लिए नेता भी हाथ पांव मार रहे हैं, ऐसे में बसपा आलाकमान को यह समझना होगा कि यदि वह आम चुनाव में थोड़ी भी कमजोर नजर आईं तो बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नेता कमजोर राजनैतिक हालात में दूसरी नाव



पर सवार होने में कतई देर नहीं लगाएंगे।

वैसे भी लोकसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है, नेताओं का पाला बदलने का खेल शुरू हो गया है। इसकी एक बानगी तब देखने को मिली जब बहुजन समाज पार्टी से सांसद कुंवर दानिश अली की एक तस्वीर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ दिखाई पड़ने लगी। दानिश की इस तस्वीर ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को टेंशन में जरूर डाल दिया होगा, यदि दानिश अपनी पार्टी अध्यक्ष मायावती को बिना बताए नीतीश कुमार से मिले होंगे तो जल्द उनको पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उधर, दानिश अली ने नीतीश कुमार से इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है।

नीतीश कुमार से मुलाकात को लेकर बसपा सांसद ने बताया कि उनके साथ राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों और देश में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने के लिए मिलकर काम करने पर चर्चा की। हाल ही में लखनऊ स्थित बसपा कार्यालय में मायावती के नेतृत्व में हुई बैठक में भी दानिश अली कहीं नजर नहीं आये थे। वहीं दावा किया जा रहा है कि सिर्फ दानिश अली ही नहीं बसपा के कई अन्य सांसद भी दूसरे दलों के नेताओं के साथ मिल रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि बहुजन समाज पार्टी ने 2019 लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर लड़ा था और सहारनपुर, बिजनौर, नगीना, मेरठ, अमरोहा, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, लालगंज, घोसी, गाजीपुर समेत 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि उस अनुपात में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नहीं जीत पाए थे। राजनैतिक पंडितों के लिए यह चौंकाने वाला है कि 2024 के लोकसभा चुनाव भी बसपा सुप्रीमो मायावती 2014 की तरह फिर से अकेले दम पर लड़ने जा रही हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुल पाया था। देखा जाये तो 2024 में 2019 के रिजल्ट को बरकरार रखना ही बसपा के लिए एक बड़ी चुनौती होगी क्योंकि यूपी की 80 की 80 सीटों को जीतने के लक्ष्य के साथ बीजेपी अपनी तैयारियों में जुटी है। उधर सपा भी अपनी तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने की बात कही है। इसके लिए उन्होंने पदाधिकारियों को खर्चीले तामझाम और नुमाइशी कार्यक्रमों से दूर रहने की सलाह दी है। साथ ही छोटी-छोटी बैठकों के जरिये गांव गांव में बसपा की पकड़ मजबूत बनाकर सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो ने पदाधिकारियों को तन मन धन के साथ जुट जाने के भी निर्देश दिए हैं। मायावती ने गठबंधन को लेकर कहा कि यूपी में गठबंधन करके बसपा को फायदे की बजाए नुकसान ज्यादा हुआ है।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि हमारी पार्टी का वोट गठबंधन वाली पार्टी को ट्रांसफर हो जाता है लेकिन दूसरी पार्टियां अपना वोट हमारे उम्मीदवार को दिलाने की ना सही नीयत रखती हैं और ना ही क्षमता। इससे पार्टी के लोगों का मनोबल प्रभावित होता है। मायावती सपा-कांग्रेस गठबंधन को भी आड़े हाथों लेती रहती हैं। वह कहती हैं कि सत्ता और विपक्षी पार्टियां अपना-अपना गठबंधन करके केंद्र की सत्ता में आने के लिए अपने अपने दावे ठोंक रही है, जबकि सत्ता में आने के बाद जनता के लिए किए गए वायदे और आश्वासन खोखले ही साबित हुए हैं। बसपा सुप्रीमो कहती हैं उनकी पार्टी दलित समाज को जोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करती है जबकि यह लोग उन्हें तोड़कर कमजोर करने की संकीर्ण राजनीति में ही ज्यादातर व्यस्त रहते हैं। इसीलिए इनसे दूर रहना बेहतर है।

# पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट में नव प्रवेशित छात्रों का हुआ स्वागत समारोह



दैनिक पुष्पांजली टुडे
(ब्यूरो चीफ रीवा)




**रीवा।** शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का आयोजन महाविद्यालय के करहिया परिसर में किया गया था। जिसमें मुख्य रूप से पीपीजीआई के मुख्य प्रबंध संचालक बी एन त्रिपाठी, शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ सीमा शुक्ला, पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ पीएन शर्मा, पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के वरिष्ठ प्राध्यापक,सहायक प्राध्यापक तथा नव प्रवेशित छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन पर आयोजित किया गया था इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय से संबंधित शैक्षणिक व विषय संबंधी जानकारियों के अतिरिक्त विभिन्न इकाइयां जैसे एनएसएस, रेड क्रॉस के साथ-साथ अन्य सुविधाएं जैसे शिकायत व सुझाव पेटी, साइकल स्टैंड, ग्रंथालय, पेयजल व्यवस्था, सेनेटरी वेन्डिंग मशीन, गर्ल्स कॉमन रूम, इंडोर जिम, कौशल विकास कार्यक्रम व वैल्यू एडेड प्रोग्राम आदि से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना था। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पीपीजीआई के मुख्य प्रबंध संचालक महोदय ने कहा कि आप सभी महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके अपने भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास करे। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कक्षाओं में उपस्थिति तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में भी समझाया गया,कार्यक्रम में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के बीच संवाद हुआ और छात्र-छात्राओं को नई शिक्षा नीति के बहुआयामी लाभ बताए गए।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिये आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन हो

## संभागीय आयुक्त कार्यालय में चंबल-ग्वालियर संभाग की बैठक संपन्न

**मुरैना।** विधानसभा निर्वाचन-2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो। इसके लिये निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का चंबल-ग्वालियर संभाग के सभी जिलों में सख्ती से पालन हो, यह सुनिश्चित किया जाए। यह बात संभागीय कमिश्नर दीपक सिंह और एडीपीजी डी श्रीनिवास वर्मा ने चंबल एवं ग्वालियर संभाग के जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक में गुरूवार को कही। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों की समीक्षा के लिये आयोजित इस बैठक में आईजी चंबल सुशांत सक्सेना, डीआईजी ग्वालियर कृष्णावेणी देशवस्तु सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय कमिश्नर दीपक सिंह एवं एडीजीपी डी श्रीनिवास वर्मा ने निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिले अपने अंतर्राज्यीय सीमाओं से लगे हुए जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें। इसके साथ ही बॉर्डर




पर नाकों की स्थापना भी की जाए। इन नाकों पर सीसीटीव्ही कैमरे के माध्यम से भी निगरानी रखी जाए। जिलों का कम्युनिकेशन प्लान भी समय रहते तैयार कर लिया जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मध्यप्रदेश की सीमा से लगे हुए राज्यों में स्थायी वारंटियों की सूची भी शेयर की जाए। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी समय रहते पूर्ण कर ली जाए। निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिये अवैध हथियार, अवैध शराब की धर-पकड का अभियान भी तेजी के साथ चलाया जाए। कमिश्नर दीपक सिंह ने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिलों में 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वोटरों का सत्यापन भी जिला कलेक्टर कराएँ। इसके साथ ही आयोग के निर्देशानुसार 80 वर्ष की आयु से अधिक के वोटरों की जानकारी भी जिला स्तर पर संग्रहित कर ली जाए। एडीजीपी श्री वर्मा एवं चंबल आईजी श्री सक्सेना ने सभी पुलिस अधीक्षकों से कहा कि स्थायी वारंटियों की धर-पकड का अभियान प्रभावी रूप से चलाया जाए। इसके साथ ही अवैध हथियार एवं अवैध शराब को पकडने के लिये भी विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करें। अपने-अपने जिले के स्थायी वारंटियों की सूची अन्य राज्य की सीमाओं से लगे जिलों के पुलिस अधिकारियों को भी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिला कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों ने अपने-अपने जिले में निर्वाचन के लिये की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी।



# नेशनल लोक अदालत के प्रचार के लिए प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुबोध कुमार जैन ने 9 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के अधिक से अधिक प्रचार के लिए प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि उपरोक्त प्रचार वाहन सुदूर ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर लोक अदालत के आयोजन का प्रचार करेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने बताया कि जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहमद रजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष ताम्रकार, श्री रूप सिंह कनेल, संजीव रहंगडाले, पैरालीगल वालेटियर रमेश कुशवाहा सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निशानेबाजी प्रतियोगिता में विजेता को दिए 11 हजार रूपए का पुरस्कार



**कैलारस।** सावन माह में मुरैना चंबलांचल में निशानेबाजी का कार्यक्रम को लोग बड़े शौक से मनाते हैं, वहीं जनपद पंचायत कैलारस की ग्राम पंचायत खिरी में निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया था। जिसमें प्रतियोगिता में विजेता को आप पार्टी के जौरा विधानसभा से दावेदार एवं आप पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष अध्यक्ष भगवती फौजी रजौधा ने 11 हजार रूपए से पुरस्कृत किया। ग्राम पंचायत खिरी विधानसभा क्षेत्र 04 जौरा में निशाने बाजी प्रतियोगिता में विजय हुये इंद्रेश कुशवाह ग्राम कोड़ा निवासी को पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये दिए, जिसमें लखन सिंह सरपंच, भगवती फौजी रजौधा, मोहन पटेल खीरी, निहाल राठौर और पंचायत के सभी ग्राम वासियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

# लोक सेवा केन्द्रों से मिलने वाली सेवाओं के प्रचार-प्रसार का अभियान जारी

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार जिले भर में संचालित लोक सेवा केन्द्रों से मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आमजनता को सेवाएं दी जा रही हैं। इन सेवाओं के प्रचार-प्रसार के लिए 15 सितम्बर तक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से लोक सेवा गारंटी योजना में चिन्हित सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अभियान के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी तथा संकुल प्राचार्यों के माध्यम से विद्यार्थियों को लोक सेवा केन्द्रों की गतिविधियों की जानकारी दी जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आँगनवा?ी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को लोक सेवा केन्द्रों के संबंध में जानकारी देंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं स्कूलों के प्राचार्य विद्यार्थियों को लोक सेवा गारंटी योजना तथा सीएम हेल्पलाइन की जानकारी देंगे। सभी लोक सेवा केन्द्रों एवं जिले के प्रमुख स्थलों में भी लोक सेवा गारंटी योजना से संबंधित सेवाओं के फ्लैक्स, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित की जा रही है।

# मुख्त्यारगंज फाटक के रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का भूमिपूजन सम्पन्न

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

**सतना ।**सतना शहर के स्वामी चौक मुख्त्यारगंज से पयासी गैस एजेंसी सिविल लाइन तक रेल्वे फाटक पर बनने वाले रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण का भूमिपूजन शुक्रवार को सांसद श्री गणेश सिंह के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ। सतना शहर के बहु प्रतीक्षित रेल्वे ओवर ब्रिज मुख्त्यारगंज का निर्माण लोक निर्माण सेतु संभाग रीवा द्वारा किया जा रहा है। मुख्त्यारगंज लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 387 इटारसी मानिकपुर रेल लाइन पर 643.100 मीटर लंबाई का आरओबी एवं 218 मीटर दोनों तरफ मिलाकर पहुंच मार्ग निर्मित हो जाने से शहर वासियों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी। रेल्वे ओवर ब्रिज के शिलान्यास अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि आज जिले में दो ब्रिजों का भूमि पूजन किया गया। जिसमें भदनपुर मैहर मार्ग में लेवल क्रॉसिंग 375 कटनी, मानिकपुर, इटारसी रेल लाइन में बनने वाला रेल्वे ओवर ब्रिज सतना का स्वामी चौक मुख्त्यारगंज से पयासी गैस एजेंसी सिविल लाइन तक रेल्वे फाटक पर बनने वाले रेल्वे ओवर ब्रिज शामिल है। इस अवसर पर सतना रेल्वे ओवर ब्रिज के शिलान्यास अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री सिंह ने कहा कि जिले को विशेष उपलब्धि मिली है। इस ब्रिज के बन जाने से आवागमन सुव्यवस्थित हो जायेगा। उन्होंने कहा कि शहर का विकास हो रहा



है। शहर के विकास में सभी अपनी सहभागिता निभायें। विकास कार्यों से परेशानी तो होती ही है, परन्तु उसका भविष्य अच्छा होता है। शहर एवं जिले को सुन्दर बनाने में सभी रचनात्मक सहयोग करें। विकास कार्यों में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु बैठकर विचार करें और उसके निराकरण करने में सभी प्रयास करें। जिससे शहर एवं जिले का चहुमुखी विकास हो। उन्होंने बताया कि जिले में बरगी बांध का पानी लाया जा रहा है। जो वर्ष 2024 तक जिले में आ जायेगा। यह कार्य सभी के प्रयासों का परिणाम है। अब जिले में स?क, बिजली, पानी की समस्या दूर हो रही है।इस मौके पर विधायक श्री सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि रेल्वे ब्रिज शहर की आवश्यकता थी। जो अब पूर्ण होने जा रही है। शहर में स?कों के निर्माण का विस्तार हुआ है। विकास के साथ पर्यावरण को बनाये रखने हेतु पेड़ नहीं काटे जाये ऐसे प्रयास करे। नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि सतना में विकास का कार्य तेजी से चल रहे है। शहर को सुन्दर एवं सुव्यवस्थित बनाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। कार्यपालन यंत्री सेतु संभाग श्री वसीम खान ने बताया कि रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए 32 करोड़ 31 लाख 87 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। निविदाकार मेसर्स नित्यांता इंफ्रा प्रोजेक्टस प्राइवेट लिमिटेड सतना द्वारा वर्षाकाल सहित 24 महीने की अवधि में वर्ष 2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। संविदाकार संजय शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किये आभार प्रदर्शन वार्ड पार्षद अमित अवस्थी द्वारा किया गया तथा संचालन विवेक अग्रवाल ने किया। इस मौके पर पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सुधाकर चतुर्वेदी, जनपद उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, नरेन्द्र त्रिपाठी, कमलाकर चतुर्वेदी, रामदास मिश्रा, अशोक गुप्ता, दिनेश दुबे, रामऔतार त्रिपाठी, अरूणेष श्रीवास्तव, गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि सहित आमजन उपस्थित थे।

# लम्पी स्किन रोग से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

पुस्पंजली टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

**सतना** ।उपसंचालक पशु चिकित्सा ने जिले में लम्पी स्किन रोग से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई हैं। जिसके अनुसार लम्पी स्किन रोग उदभेद के लक्षण दिखाई पडने पर तत्काल रोग के प्रसार पर नियत्रण उपचार टीकाकरण नमूनों का एकत्रीकरण जैव सुरक्षा आदि से संबधित निर्देशो का पालन सुनिश्चत करे। संक्रमित पशु को स्वस्थ पशु से तत्काल अलग करे। संक्रमित क्षेत्र से अन्य क्षेत्रो मे पशुओं के आवागमन को प्रतिबंधित करे। सक्रमित क्षेत्र मे बीमारी फैलाने वाली वेक्टर (मक्खी मच्छर आदि) के रोकथाम हेतु आवश्यक कदम उठावे। संक्रमित क्षेत्र के केन्द्र से 10 किलोमीटर की परिधि के बाजार में पशु की बिकी पशु प्रर्दशनी पशु संबंधी खेल आदि पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाये। संक्रमित क्षेत्र पशु घर पर साफ-सफाई विषाणुनाशक रसायन का प्रयोग करे। संक्रमित पशु का टेग नम्बर के आधार पर चिन्हाकन करे। टीकाकरण हेतु संक्रमित क्षेत्र के 5 किलोमीटर रेडियस में रिंग वैक्सीनेशन 5 किलोमीटर की रेडियस में बाहर से अन्दर की तरफ किया जावे। इसी प्रकार संक्रमित क्षेत्र संबधित संस्था द्वारा रिकार्ड संधारित किया जाय जिसे संबधित पशु चिकित्सक द्वारा सत्यापित किया जाये। ऐल0ऐस0डी0 रोड से मृत पशु को भी संबंधित पशु चिकित्सक द्वारा सत्यापित किया जाये। ऐल0ऐस0डी0 से प्रभावित मृत पशु का फोटो संधारित किये जाने एंव सत्यापन उपरान्त ही ऐल0ऐस0डी0 से मृत पशु की रिर्पोट भेजी जाये। संक्रमित क्षेत्र मे ऐल0ऐस0डी0 से मृत पशु के शव का निष्पादन वैज्ञानिक तरीके किया जाय।

# शत-प्रतिशत परिवारों तक नल-जल उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दें-मंत्री श्री शुक्ल

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

**सतना ।**/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसंपर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शत-प्रतिशत परिवारों तक नल-जल योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि जल प्रदाय योजनाओं का सुचारू संचालन हो। मंत्री श्री शुक्ल ने आज मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का कार्यभार ग्रहण कर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विभाग के प्रमुख सचिव श्री संजय कुमार शुक्ल, प्रमुख अभियंता श्री संजय कुमार अंधवान, जल निगम के परियोजना निदेशक श्री ए.के. जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में मंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि जिन समूह नल-जल योजनाओं से जल प्रदाय प्रारंभ हो गया है, उनमें जल प्रदाय के सुचारू रूप से संचालन हेतु ठेकेदार द्वारा पर्याप्त मात्रा में वाल्व ऑपरेटर आदि लगाये जायें, जिससे ग्रामीणों को नियमित रूप से निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेय जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि समूह योजना से लाभान्वित जिन ग्रामों में शत-प्रतिशत परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने के लिए अतिरिक्त पाइप लाइन की आवश्यकता है उन ग्रामों के लिए तत्काल कार्य योजना क्रियान्वित कर संपूर्ण ग्राम को नल से जल उपलब्ध कराने की कार्रवाई प्राथमिकता पर करें। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वे सितंबर माह में विभागीय कार्यों की संभागवार समीक्षा संभागीय मुख्यालय पर मैदानी अधिकारियों के साथ करेंगे, इसके लिये विभाग द्वारा आवश्यक तैयारी की जाये। प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला ने मंत्री श्री शुक्ल को विभाग एवं जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# डिजिटल पेमेंट करने वाले चार लोगों को जेल भेजने की कार्यवाही




रिपोर्टर अजय जाटव विजयपुर

कलेक्टर श्री संजय कुमार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में फिनो मिनी बैंक डिजिटल पेमेंट से जुडे विजयपुर क्षेत्र के तीन प्रतिनिधियों को एसडीएम श्री नीरज शर्मा द्वारा तथा स्पाइस मनी से जुडे एक प्रतिनिधि को एसडीएम श्योपुर श्री मनोज गढवाल द्वारा जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। एसडीएम श्री नीरज शर्मा ने बताया कि फिनो मिनी बैंक डिजिटल पेमेंट करने वाले प्रदीप सोलंकी निवासी लाडपुरा, राकेश कुशवाह निवासी आर्रोदा एवं पुरूषोत्तम टैगोर निवासी बाडखेडा को धारा 151 के तहत जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार एसडीएम श्योपुर श्री मनोज गढवाल ने जानकारी दी कि स्पाइस मनी डिजिटल पेमेंट से जुडे हरिओम जाटव निवासी गुरनावदा को धारा 151 के तहत जेल भेज गया है।कलेक्टर श्री संजय कुमार ने कहा है कि जिले में विभिन्न प्रकार की फाइनेंस एवं बैंकिंग कारोबार से जुडी कंपनियां कार्यरत है, जिनकी साख की प्रमाणिकता एवं कार्य प्रणाली संदेहास्पद है तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुडे हितग्राहियों के पैसे विभिन्न डिजिटल माध्यमों से निकाले जाने की शिकायते प्राप्त हो रही है, इस संबंध में तहसीलदारों, सीईओ जनपदों तथा अन्य अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि शासकीय योजनाओं की राशि प्रदाय करने के लिए प्रमाणित एवं प्राधिकृत बैंको में ही खाते खुलवाये जाये। इसके अलावा साख प्रमाणिकता वाली बैंको एवं उनके कियोस्क से भुगतान की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें, विभिन्न बैंकिंग कंपनियों, द्वारा गांव-गांव में डिजिटल पेमेंट करने के लिए शाखाएं संचालित की हुई है, इसके साथ ही कई प्रकार की चिटफंड कंपनियां, माईक्रो फाइनेंस कंपनियां भी चल रही है। इन सभी कंपनियों की प्रमाणिकता एवं प्राधिकृत स्थिति को देखा जायें। बगैर एलडीएम की जानकारी में लाये कोई भी कंपनी कार्य करेगी तो कार्यवाही की जायेगी, उन्होने कहा कि ऐसी कंपनियां जिले में कारोबार करने से पहले कलेक्टर एवं एलडीएम को सूचना देगे तथा किये जाने वाले कार्यो की जानकारी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही अपनी प्रमाणिकता एवं प्राधिकृत होने का पत्र भी प्रदाय करेगी। कंपनी के नियंत्रणकर्ता, संचालनकर्ता की पूरी जानकारी भी देनी होगी। इसके साथ ही यह कंपनियां अपने वित्तीय कारोबार की मासिक रिपोर्ट भी एलडीएम कार्यालय में प्रस्तुत करेंगी। इसके अलावा उन्होने लोगो से वित्तीय लेनदेन के प्रति सजग और साक्षर होने की अपील भी की है। उन्होने कहा कि ऐसे कियोस्क तथा बैंकिंग संस्थाओं के माध्यम से लेनदेन न करें, जिनकी साख की प्रमाणिकता नही है। यदि गांव में कोई भी व्यक्ति डिजिटल पेमेंट के लिए आता है तो तत्काल इसकी सूचना पटवारी, पंचायत सचिव तथा डीएम हेल्पलाइन नंबर 9329332554 पर दें। किसी भी अनजान व्यक्ति से खाता न खुलवाये और न ही उसके माध्यम से डिजिटल पेंमेट कराये।

**वित्तीय लेनदेन में गडबडी करने वाले भेजे जायेगे जेल**-कलेक्टर श्री संजय कुमार ने कहा कि डिजिटल पेमेंट के माध्यम से वित्तीय लेनदेन में गडबडी करने वालों को जेल भेजने की कार्यवाही की जायेगी। बैंकिग, चिटफंड एवं फाइनेंस कारोबार करने वाली कंपनियां अपनी जानकारी एलडीएम कार्यालय में प्रदान करें। जानकारी प्रदान नही करने की स्थिति में कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा योजनाओं में हितग्राहियों की राशि डिजिटल पेंमेट के माध्यम से हडपने वालो को जेल भेजने की कार्यवाही होगी। इस प्रकार के कार्यो में लिप्त संस्थाओं की जांच भी कराई जा रही है।

## बेटियां अब अभिशाप नहीं वरदान है, बेटियां हर क्षेत्र में आगे

# नन्ही परी के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** हमारे देश प्रदेश में एक दशक था जब बेटियां अपने परिवार के लिए बोझ समझी जाती थी आज बेटियो ने जिस तरह आगे बड़कर देश प्रदेश जिले का नाम विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में रोशन किया है बो हमारे लिए गौरव की बात है विगत साल पूर्व बेटियो को अभिशाप समझा जाता था बेटियों को पेट में ही मार दिया जाता था।पर आज शिक्षा के बड़े स्तर से लोगो की सोच में परिवर्तन हुआ है। पर फिर भी भूर्ण हत्या की घटना चोरी छुपे आयदिन हो रही है बिटिया के पता चलते ही उन्हें कोक में ही खतम करने का खेल जिले से बाहर हो रहा है जिला प्रशासन के तमाम निगरानी



और इनाम के बाद भी पूर्णतः अंकुश नही लग पा रहा है इसका मुख्य कारण है सोच जब तक आम लोगो की बेटियो के प्रति सोच नही बदलेगी तब तक ये घटनाओं पर अंकुश लगाना असंभव है। पर आज ऐसी सोच वाले लोगो के लिए उदाहरण बने देहात थाने में पदस्थ डायल 100 पायलट अर्जुन सिंह कुशवाह, हाल ही में उनके यहा एक नन्ही परी का आगमन भिंड चिकित्सालय में हुआ था। जिसका प्रथम घर आगमन आज निज निवास सीता नगर भिंड में किया गया, नन्ही परी का स्वागत बैंड बाजो के साथ किया गया।लक्ष्मी स्वरूप बिटिया रानी के पद चिन्हों के निशान यादगार के लिए सफेद रूमाल पर अंकित किए गए एव घर को फूलों व गुब्बारों से सजाया गया, फूलों को आगमन रास्ते में बिछाकर पुष्प वर्षा भी की गई, एव फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया।बिटिया रानी के आगमन पर सभी मोहल्ला वासी व परिजन में खुशी की लहर थी जब इस संबंध में अर्जुन सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा आज समय बदल चुका बेटा बेटी एक समान होती हैं हमे खुशी हुई हमारे घर नन्ही परी लक्ष्मी का आगमन हुआ है बेटी के प्रथम घर आगमन पर हमने यह कार्यक्रम आयोजित किया है। जिससे हम समाज में संदेश भी देना चाहेंगे हमे जितनी खुशी बेटा के लिए होती है उतनी ही बेटी के लिए होनी चाहिए।बिटिया अब अभिशाप नहीं वरदान है।

## गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज को स्पोर्ट्स हास्टल ने हराया

**लखनऊ।** हाकी लीग सीनियर मेंस चैंपियनशिप के पूल बी में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज और स्पोर्ट्स हास्टल के बीच मैच खेले गये। इसमें स्पोर्ट्स हास्टल ने तीन-एक से मैच को जीत लिया। मो. शहीद स्टेडियम में शाम को शुरू हुए मैच में दोनों टीमों के बीच शुरू से ही कांटे की टक्कर रही। दोनों टीमें 19 मिनट तक कोई गोल नहीं कर सकीं। 20वें मिनट में स्पोर्ट्स हास्टल ने एक गोल दागकर बढ़त बना ली। इसके बाद अभी गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज के खिलाड़ी गोल बनाने के लिए कसम-कस कर ही रहे थे कि 25वें मिनट में स्पोर्ट्स हास्टल ने पुनः एक गोल मारकर मनोवैज्ञानिक दबाव बना लिया। पुनः 39वें मिनट में स्पोर्ट्स हास्टल के



खिलाड़ियों ने एक गोल दागे। 54वें मिनट में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज के खिलाड़ी एक गोल कर सके। स्पोर्ट्स हास्टल के खिलाड़ी इस मैच को तीन-एक से जीत गये।

## दिल्ली के राणा कानपुर में थामेंगे बल्ला

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के क्रिकेट में दिल्ली टीम के पूर्व कप्तान नीतीश राणा के प्रवेश को लेकर संघ में और उसके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर असर पड़ता दिखाई दे रहा है। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि यह उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ की ओर से गलत परम्परा की नींव रखी जा रही है। जिसका दुष्परिणाम प्रदेश के अन्य प्रतिभाशाली एवं बुद्धिमान खिलाड़ियों के भविष्य पर पड़ेगा। ऐसा सीनियर और जूनियर दोनों चयन समितियों के पूर्व अध्यक्ष और रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर नीरू कपूर,क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अधिकारी के अधिकारी भी रह चुके हैं। उन्होंने उसका मुखर विरोध शुरू कर दिया। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते ही, राणा, जिन्होंने एक दशक से अधिक समय तक दिल्ली से जुड़े रहने के बाद एनओसी प्राप्त की और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में शामिल हो गए। 29 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज जो न केवल आगामी घरेलू सत्र में उत्तर प्रदेश के लिए खेलेंगे, बल्कि टीम की कप्तानी भी करने की उम्मीद है, को नोएडा सुपर किंग्स ने बुधवार से कानपुर में शुरू होने वाली आगामी यूपीटी 20 लीग के लिए अनुबंधित किया है। राणा जैसा बाहरी व्यक्ति उत्तर प्रदेश में क्यों? क्या हमारे पास राज्य टीम का नेतृत्व करने के लिए गुणवत्तापूर्ण क्रिकेटर नहीं हैं? अगर बाहरी लोगों का प्रवेश जारी रहा, तो जल्द ही हमारे पास अन्य राज्यों के सभी 11 खिलाड़ी होंगे और हमारे क्रिकेटर सीमा रेखा पर बैठे और उनके लिए ताली बजाते हुए दिखाई देंगे, ÷कपूर ने कहा, जो उत्तर प्रदेश में खेल के उप निदेशक भी थे। प्रदेश खेल निदेशालय।

## अहमदाबाद में विश्व कप का होगा रंगारंग आगाज, चार अक्तूबर को उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे सभी कप्तान

**नई दिल्ली।** भारत में क्रिकेट विश्व कप का आगाज पांच अक्तूबर को होना है। उससे पहले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चार अक्तूबर को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जा सकता है। इस रंगारंग कार्यक्रम में बॉलीवुड के सितारे हिस्सा ले सकते हैं। उस दिन सभी 10 टीमों के कप्तान भी वहां मौजूद रहेंगे। अगले दिन टूर्नामेंट का पहला मुकाबला गत विजेता इंग्लैंड और पिछले विश्व कप के फाइनल में हारनी वाली टीम न्यूजीलैंड के बीच होगा। तीन अक्तूबर को विश्व कप के अभ्यास मैच समाप्त हो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभ्यास मैच समाप्त होने के बाद सभी कप्तान अहमदाबाद में इकट्ठा होंगे। सभी मीडिया से बातचीत करेंगे और फोटो खिंचवाएंगे। इसे 'कैप्टन्स डे' के रूप में जाना जाता है। इसके बाद सभी कप्तान शाम में होने वाले उद्घाटन समारोह शाम में भाग लेंगे। अहमदाबाद में विश्व कप का फाइनल मैच भी 19 नवंबर को खेला जाएगा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सदस्य, वैश्विक क्रिकेट संचालन संस्था के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह से ठीक एक दिन पहले 10 में से छह कप्तान काफी व्यस्त रहेंगे। भारत का मुकाबला नीदरलैंड से होगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के सामने पाकिस्तान की टीम होगी और श्रीलंका का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। ऐसे में इन छह टीमों के कप्तान मैच के बाद या अगले दिन सुबह-सुबह अहमदाबाद के लिए उड़ान भरनी पड़ेगी।

## उत्कृष्टता का उदाहरण हैं नीरज चोपड़ा, विश्व चैम्पियनशिप में गोल्ड जीतने पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली ।** विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने नीरज चोपड़ा को 'उत्कृष्टता का उदाहरण' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह एथलेटिक्स ही नहीं बल्कि समूचे खेल जगत में अद्वितीय उत्कृष्टता के परिचायक हैं।

मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा ने बुडापेस्ट में चल रही विश्व चैम्पियनशिप में कल देर रात पुरूषों की भालाफेंक स्पर्धा में 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।

वह ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण एक समय पर जीतने वाले निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्हें बधाई देते हुए लिखा, 'प्रतिभाशाली नीरज चोपड़ा उत्कृष्टता का उदाहरण हैं। उनकी प्रतिबद्धता, जुनून और जज्बा उन्हें सिर्फ एथलेटिक्स में ही नहीं बल्कि समूचे खेल जगत में अद्वितीय उत्कृष्टता का परिचायक बनाता है।' उन्होंने कहा, 'विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें बधाई।'




## भारतीय पुरुष 4×400 मी रिले टीम ने एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा, पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में

**बुडापेस्ट ।** भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने दो मिनट 59.05 सेकेंड के समय से एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत के मोहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी ने शनिवार को पहली हीट (क्वालीफाईंग रेस) में अमेरिका (2:58.47) के बाद दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई।

प्रत्येक दो हीट में से शीर्ष तीन पर रहने वाली और अगली दो सबसे तेज रहने वाली चौकड़ी ही फाइनल में पहुंचती है। एशियाई रिकॉर्ड दो मिनट 59.51 सेकेंड का था जो जापान की टीम के नाम था। इससे पहले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2021 में 3:00.25 के समय से बना था। भारतीय खिलाड़ियों ने विश्व रिकॉर्डधारी अमेरिकी चौकड़ी को कड़ी चुनौती दी और उनके करीब दूसरे स्थान पर रही। भारत दो हीट में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रहा। इस तरह वह मजबूत ब्रिटेन (2:59.42) और जमैका (2:59.82) से आगे रहा जिन्होंने क्रमशः तीसरा और पांचवां स्थान हासिल किया।




## ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को मिला सीपीएल 2023 का पहला रेड कार्ड, पोलार्ड ने बताया 'हास्यास्पद'

**नई दिल्ली** सेंट किट्स के बैसेटेरे में चल रहे कैरेबियन प्रीमियर लीग के 12वें मैच में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स (एसकेएन) और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) की भिड़ंत हो गई। कीरोन पोलार्ड ने टॉस जीतकर एसकेएन को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। आंद्रे फ्लेचर ने अपनी टीम को शानदार शुरुआत दी, इससे पहले शेरफेन रदरफोर्ड ने 38 गेंदों में 62 रनों की शानदार पारी खेलकर एसकेएन को 179 का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखने में मदद की।

उनकी पारी के अंतिम ओवर से पहले कुछ अनोखा हुआ। अंपायर ने पोलार्ड को बुलाया और लाल कार्ड दिया। इस वर्ष की लीग में लाल कार्ड की यह पहली उपस्थिति थी। धीमी ओवर गति बनाए रखने के दंड के रूप में टीकेआर को आखिरी ओवर के लिए मैदान पर केवल 10 खिलाड़ियों को रखने के लिए मजबूर होना पड़ा। उनमें से केवल दो को ही 30 गज के घेरे के बाहर रहने की अनुमति थी। पोलार्ड ने सुनील नरेन को मैदान छोड़ने के लिए कहा जिन्होंने अपने चार ओवरों का कोटा 3/24 के आंकड़े के साथ पूरा किया था क्योंकि ड्वेन ब्रावो ने अंतिम ओवर में 18 रन दिए।



मैच के बाद, पोलार्ड ने कहा कि नियम 'बिल्कुल हास्यास्पद' था, यह देखते हुए कि ओवर-रेट से केवल 30-45 सेकंड पीछे रहने के लिए जुर्माना बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो, यह हर किसी की कड़ी मेहनत को खत्म कर देगा। हम प्यादों की तरह हैं और हम वही करेंगे जो हमें कहा जाएगा। हम जितनी तेजी से खेल सकते हैं खेलेंगे। अगर आप पर 30-45 सेकंड देरी के लिए का जुर्माना लगाया जाता है तो यह बिल्कुल हास्यास्पद है।' सलामी बल्लेबाज चैडविक वाल्टन और मार्टिन गुप्टिल एक बार फिर टीकेआर के लिए अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। हालांकि शानदार फॉर्म में चल रहे , निकोलस पूरन ने अपनी टीम के लिए मंच तैयार करने के लिए 32 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली। लोर्कन टकर ने मुख्य भूमिका निभाई और 31 गेंदों में 36 रन बनाए। अंत में पोलार्ड (16 गेंदों पर 37*) और आंद्रे रसेल (8 गेंदों पर 23*) की जोड़ी ने केवल 12 गेंदों में 32 रनों की साझेदारी की। टीकेआर ने छह विकेट और 17 गेंद शेष रहते जीत हासिल की।

## बियांका आंद्रिस्कू चोट के कारण अमेरिका ओपन से हटीं

**न्यूयॉर्क ।** बियांका आंद्रीस्कू ने पीठ की चोट के कारण शनिवार को अमेरिकी ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम से हटने का फैसला किया। वह 2019 में साल का अंतिम ग्रैंडस्लैम खिताब जीती थी। पाउला बाडोसा



ने भी चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने का निर्णय लिया जिससे वीनस विलियम्स को पहले दौर में नयी प्रतिद्वंद्वी से भिड़ना होगा। अमेरिकी टेनिस संघ ने आंद्रीस्कू के हटने की घोषणा की लेकिन उनकी चोट की जानकारी नहीं दी।

## एशिया कप के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान, इस खिलाड़ी की 6 साल बाद टीम में वापसी

**काबुल।** ऑलराउंडर करीम जनत ने छह साल बाद अफगानिस्तान की वनडे टीम में वापसी की जबकि बाएं हाथ के बल्लेबाज नजीबुल्लाह जादरान को भी आगामी एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

बाएं हाथ के बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी 30 अगस्त से 17 सितंबर तक पाकिस्तान और श्रीलंका में होने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अफगानिस्तान की टीम की अगुवाई करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान टीम का हिस्सा रहे मोहम्मद सलीम सफी और अब्दुल रहमान को टीम में बरकरार रखा गया है लेकिन फरीद अहमद और वफादार मोमांद को बाहर कर दिया गया है।




ऑलराउंडर अज़मतुल्लाह उमरज़ई को चोटिल होने के कारण टीम में नहीं लिया गया है। पच्चीस वर्षीय जनत ने 2017 में जिंबाब्वे के खिलाफ हरारे में वनडे में पदार्पण किया था लेकिन इसके बाद उन्होंने एक भी वनडे मैच नहीं खेला। हालांकि उन्होंने एक टेस्ट और 49 टी20 मैचों में अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व किया।

**एशिया कप के लिए अफगानिस्तान की टीम इस प्रकार है:**

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), इकराम अलिखिल (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, गुलबदीन नैब, राशिद खान, अब्दुल रहमान, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम सफी, फजल हक फारूकी।

## 'मामूली झड़प' के कारण भारतीय निशानेबाज को विश्व चैंपियनशिप से किया बाहर

**नई दिल्ली ।**भारत के चोटी के पिस्टल निशानेबाज अंकित तोमर को 'अपने साथी निशानेबाज के साथ मामूली झड़प' के कारण टीम की रवानगी से एक सप्ताह पहले बाकू में चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के भारतीय दल से हटा दिया गया था। उनके पिता ने यह जानकारी दी। देश के प्रमुख सेंटर फायर पिस्टल निशानेबाज 21 वर्षीय तोमर को सात अगस्त को तब इस बारे में पता चला जब उन्होंने देखा कि अजरबैजान के बाकू शहर को रवाना होने वाले निशानेबाजों की सूची में उनका नाम नहीं है। विश्व चैंपियनशिप 14 अगस्त को शुरू हुई थी और यह एक सितंबर तक चलेगी। तोमर को जुलाई में दक्षिण कोरिया के चांगवोन में आईएसएसएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दौरान 'मामूली झड़प' का खामियाजा भुगतना पड़ा। सोनीपत के रहने वाले इस निशानेबाज ने जूनियर चैंपियनशिप में कमलजीत और संदीप विश्नोई के साथ मिलकर 50 मीटर पिस्टल में टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। जब तोमर ने प्रतिष्ठित विश्व चैंपियनशिप के लिए सूची में अपना नाम नहीं देखा तो उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया, 'आपको सूचित कर दिया गया है कि जब तक (एनआरएआई) की अनुशासन समिति का अंतिम फैसला नहीं आ जाता तब तक आपको किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।' तोमर ने एनआरएआई से अनुशासन समिति की सुनवाई जल्द से जल्द करवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा था, 'यह मेरे भविष्य का सवाल है। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि कल फैसला कर लें क्योंकि टीम की रवानगी में बहुत कम समय बचा है।' तोमर ने एनआरएआई के सचिव राजीव भाटिया को भेजे गए ई-मेल में लिखा, 'मैं बाकू में खेलना चाहता हूं क्योंकि यह मेरे भविष्य से जुड़ा है और मैं अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं।

## एशिया कप : अय्यर ने वापसी से पहले अपने रिहैब जर्नी पर खुलकर की बात, कहा- मैं घबरा रहा था

**नई दिल्ली।** भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस साल की शुरुआत में अपनी सर्जरी के बाद शारीरिक और मानसिक बाधाओं की लंबी यात्रा पार करने के बाद आखिरकार क्रिकेट में लौट आए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट के दौरान रीढ़ की हड्डी से जुड़ी चोट के कारण दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से बाहर होने के बाद अय्यर की बहुप्रतीक्षित एशिया कप में वापसी हुई है, जो मार्च के बाद उनकी पहली प्रतिस्पर्धी उपस्थिति है। नंबर चार की स्थिति की दुविधा को हल करने की उनकी वापसी काफी मायने रखती है। 20 पारियों में 47.35 के प्रभावशाली औसत से 805 रन के साथ अय्यर का ट्रैक रिकॉर्ड खुद इस बारे में बताता है।

एशिया कप 2023 के लिए टीम इंडिया टीम में वापसी करने पर श्रेयस अय्यर ने अपने वर्तमान दृष्टिकोण, दर्दनाक पुनर्वास यात्रा के साथ-साथ वर्तमान क्षण में जीने और व्यवस्थित तैयारी पर




जोर देने पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में उन्होंने अपनी चोट के काले पक्ष का भी खुलासा किया। अय्यर ने बीसीसीआई से बातचीत में कहा, 'देखिए, मेरे लिए वर्तमान में रहना और अपनी दिनचर्या सही करना महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'मैं इस बारे में नहीं सोचना चाहता कि आगे क्या होने वाला है और अतीत में क्या हुआ है। मैं जहां हूं वहीं खुश हूं। मैं दिन-ब-दिन सभी बॉक्सों पर टिक कर रहा हूं। तैयारी के मामले में मेरे पास लड़कों के साथ अभ्यास के दो दिन शानदार रहे और यह प्रतिस्पर्धी भी था। अभी यहां आकर और हर पल का आनंद लेकर बहुत खुश हूं।'

इसके अलावा अय्यर ने अपनी चोट की प्रकृति के बारे में भी खुलकर बात की और स्पाइनल स्लिप्ड डिस्क के कारण तंत्रिका संपीड़न के कारण होने वाले गंभीर दर्द के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'एक पेशेवर एथलीट के रूप में यह कठिन होता है जब दर्द कम नहीं हो रहा हो। शुक्र है कि मेरे आस-पास बहुत सारे दोस्त थे और सहयोगी स्टाफ और मेरा परिवार भी था।' उन्होंने कहा, 'तो वे ही थे जिन्होंने मुझे इस स्थिति में शांत किया। मैं घबरा रहा था लेकिन विशेष रूप से इस समय धैर्य रखना महत्वपूर्ण है। मैं इस समय जहां हूं वहां रहकर वास्तव में खुश हूं क्योंकि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस तरह से तेजी से ठीक हो जाऊंगा।'

## प्रो-रॉल बॉल लीग : 8 टीमों के लिए 128 खिलाड़ियों की हुई नीलामी, 17 देशों के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**मुंबई।** भारत की प्रमुख खेल कंपनियों में से एक युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट ने प्रो-रॉल बॉल खेल की पहली प्रीमियर हाई-स्पीड लीग शुरू करने की घोषणा की है। इस कड़ी में मुंबई के परेल में आईटीसी ग्रैंड सेंट्रल में एक कार्यक्रम में इस लीग की सभी 8 फ्रेंचाइजी टीमों की जर्सी और लोगो का अनावरण किया गया। आपको बता दें कि है कि इस लीग में 17 देशों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 20 नवंबर से 3 दिसंबर, 2023 तक होने वाली एड्रेनालाईन-पैक 15-दिन के टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। हर टीम में 10 खिलाड़ी होंगे, जिनमे 3 विदेशी खिलाड़ियों का होना अनिवार्य है। जर्सी और लोगो के अनावरण के मौके पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की गई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को आयोजित करने वाले युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के संस्थापक और सीईओ सिद्धार्थ मेहता के साथ



सभी 8 टीमों के मालिक स्टेज पर अपनी टीमों के लोगो वाली जर्सी पहनकर स्टेज की शोभा बढ़ाई। इसके बाद खिलाड़ियों की नीलामी के लिए सभी टीमों ने बोली लगाई। इस दौरान सभी टीमों के कोच, मैनेजर और मालिक मौजूद रहे। नीलामी प्रक्रिया को तीन कैटेगरी- ए, बी और सी में बांटा गया। कैटेगरी ए में वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले पांच सालों के अंदर किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है या उसी अवधि के दौरान लगातार तीन राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लिया है। कैटेगरी बी में वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले पांच वर्षों के अंदर लगातार तीन राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लिया है या किसी भारतीय टीम के क्वालीफाइंग कैंप में हिस्सा लिया हो। दोनों कैटेगरी के लिए 1.5 लाख और क्रमशः 1 लाख रुपये बेस प्राइस रखा गया था। एशियन रॉल बॉल फेडरेशन ने प्रो रॉल बॉल लीग के पहले सीज़न के लिए 34 खिलाड़ियों को नीलामी के लिए नामांकित किया था। दूसरी ओर 'सी' कैटेगरी (विदेशी खिलाड़ी) के खिलाड़ियों की लिस्ट में ईरान, बेलारूस, ओमान, मिस्र, केन्या, सेनेगल, पोलैंड, श्रीलंका, सऊदी अरब, इंग्लैंड, अर्जेंटीना, फ्रांस और ब्राज़ील जैसे देशों के 38 खिलाड़ी शामिल हैं। कुल मिलाकर सभी कैटेगरी में 128 खिलाड़ियों को नीलामी के लिए नामांकित किया गया था। युगा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के सीईओ और फाउंडर सिद्धार्थ मेहता ने कहा,यह एक लीग स्पोर्ट्स की शानदार शुरुआत है। इस खेल का आविष्कार भारत ने किया है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है क्योंकि हम खेल के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करते हुए इस खेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य इसे साल में दो बार आयोजित करना और इसे देश में टॉप 3 स्पोर्ट्स लीग में शामिल करना है।

## ग्रीनपार्क में इतिहास गाथा से प्रेरित तीसरी पावन खिण्ड दौड़ 29 अगस्त को

**कानपुर।** भारतीय गोद्धा बाजीप्रभु देशपाण्डे की इतिहास गाथा से प्रेरित तीसरी पावन खिण्ड दौड़ 29 अगस्त को ग्रीनपार्क से प्रारम्भ होगी। इस ऐतिहासिक दौड़ में नगर के सभी विद्यालयों से हजारों की संख्या में छात्र शामिल होंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय क्रीड़ा भारती नियामक मंडल के सदस्य संजीव पाठक और आरएसएस के सहप्रान्त कार्यवाह भवानी भीख तिवारी ने संयुक्त रूप से एक पत्रकार वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि क्रीड़ा भारती कानपुर की ओर से एक दौड़ देश के स्वाभिमान के लिए का आयोजन खेल दिवस के अवसर पर ग्रीनपार्क स्टेडियम में सुबह 8 बजे से दौड़ समाप्त होने तक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इतिहास को गौरवान्वित करने वाले देशपाण्डे की जीवनी को आम जनता को प्रेरित करने हेतु लगभग 3 किमी की सांकेतिक दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। देश में आयोजित होने वाली लंबी दूरी की दौड़ को पावन खिंड नाम दिया जाए। हम मैराथन के इतिहास को ना जानते हुए भी मैराथन के नाम से दौड़ते हैं, जबकि हमारे देश में उससे कहीं बड़ी न जाने कितनी सारी गाथाएं हैं जो हमको जानकारी ही नहीं है हमें हमारी वीरता का गर्व होना चाहिए। इसी संदेश के साथ यह दौड़ सभी आयु वर्गों के लिए पूरी तरह निश्शुल्क है।

उन्होंने बताया कि किसी को रजिस्ट्रेशन के लिए दौड़ने के लिए आवश्यकता नहीं है। प्रतियोगिता में कुछ लकी ड्रॉ फॉर्म है जो ग्रीनपार्क में उस दिन भी उपलब्ध रहेंगे। लोग लकी ड्रा में भाग लेने के लिए उस फॉर्म को भर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों के लिए प्रमाण पत्र की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा पूरी दौड़ देशभक्ति के वातावरण से ओतप्रोत रहेगी। लगभग तीन किलोमीटर की सांकेतिक यात्रा ग्रीनपार्क के चारों ओर दौड़ लगायेगी।

## अगस्त के आखिरी 4 दिन भी बारिश के आसार नहीं

**नई दिल्ली।** अगस्त में सिर्फ चार दिन बाकी हैं। तेज बारिश होने के बजाय धूप चटखने के साथ मामूली बूंदाबांदी हो रही है। हालत यह है कि देश के कई राज्यों में दूसरा सावन भी बारिश को तरस गया। किसानों के माथों पर उभरी चिंता की लकीरों से सूखे की आहट सुनाई दे रही हैं। 1 जून को मानसून की शुरुआत होने के बाद से देश के सिर्फ आठ राज्य ऐसे हैं, जहां सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। इनमें जम्मू कश्मीर (11फीसदी), हिमाचल प्रदेश (36फीसदी), उत्तराखंड (12फीसदी), हरियाणा (12फीसदी), गुजरात (20फीसदी), राजस्थान (16फीसदी) और तेलंगाना (13फीसदी) शामिल हैं। 21 राज्यों में सामान्य से कम बारिश हुई है। 47त्न कम बारिश के साथ केरल इस लिस्ट में सबसे आगे है। इसके बाद मणिपुर 46 फीसदी और झारखंड 36 फीसदी के साथ तीसरे नंबर पर हैं। मध्यप्रदेश में 11फीसदी कम बारिश के साथ इस सूची में 15वें नंबर पर है।



## बंगाल की अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में 9 की मौत, बीजेपी ने की एनआईए जांच की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई। इस मुद्दे पर बीजेपी ने एनआईए से जांच करवाने की मांग की है। वहीं, बीजेपी ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा से वॉकआउट किया। बीजेपी के नेता विधायक सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को विधानसभा परिसर में कहा, 'इससे पहले कि सभी सबूत खत्म हो जाएं, राज्य सरकार को तुरंत जांच एनआईए को सौंप देनी चाहिए। हमने कोलकाता हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की पीठ के समक्ष एक जनहित याचिका भी दायर की है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।



विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने यह भी कहा कि विस्फोट की तीव्रता इतनी तेज थी कि पड़ोस के घरों की कंक्रीट की छतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारी ने दावा करते हुए कहा कि विस्फोट इतना तेज आरडीएक्स विस्फोटक की वजह से हुआ। बता दें कि विस्फोट की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि पड़ोस के 50 से अधिक घर आंशिक तौर से क्षतिग्रस्त हो गए और घटना में मारे गए लोगों के शरीर के अंग कई इमारतों की छतों पर पाए गए।

## सूर्य मिशन के लॉन्च की तारीख आई सामने, इसरो ने किया बड़ा एलान

**बेंगलुरू।** चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग के बाद अब इसरो सूर्य का अध्ययन करने को तैयार है। इसरो चीफ एस सोमनाथ पहले ही इसको लेकर जानकारी दे चुके हैं। अब इसरो ने सूर्य मिशन को लेकर बड़ा एलान कर दिया है।

Aditya Lv mission की लॉन्चिंग की तारीख का एलान करते हुए इसरो ने एक्स पर पोस्ट किया कि 2 सितंबर को सुबह 11:50 बजे मिशन लॉन्च होगा। इसरो ने बताया कि श्रीहरिकोटा से सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली सैटेलाइट आदित्य-एल1 लॉन्च होगी।




**इसरो चीफ ने सितंबर में लॉन्च की दी थी जानकारी**

वैसे तो इसरो चीफ एस सोमनाथ चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग के बाद सूर्य मिशन को लेकर कई दफा अपडेट दे चुके हैं, लेकिन अब मिशन की लॉन्चिंग की तारीफ और समय भी सामने आ गया है। सोमनाथ ने कहा था कि ये मिशन सितंबर के पहले हफ्ते में लॉन्च होगा।

# उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रेरित किया

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज जीवन के हर क्षेत्र में राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रवाद की बात करते हुए उन्होंने आयुर्वेद जैसी प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को अपनाने की अपील की।

धनखड़ राष्टीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के छात्रों से एक संवाद के दौरान पूछे गए एक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। आर्थिक क्षेत्र में राष्ट्रवाद को बढ़ाने की बात करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पैसे ज्यादा कमाने के लिए दीवाली के दिये या पतंग जैसी चीजें बाहर से मांगना उचित नहीं है। हमें हर हाल में देश को आगे रखना चाहिए। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में धनखड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि एक बार आयुर्वेद और आयुष की पद्धति देश गति पकड़ेगी तो तेजी से बढ़ती चली जायेगी। आयुर्वेद के छात्रों का भविष्य उज्ज्वल है। अपने सम्बोधन में उपराष्ट्पति ने कहा कि हमारे जैसी पांच हजार वर्ष पुरानी सभ्यता और कहीं नहीं दिखती। हमारा अथर्ववेद स्वास्थ्य के लिए ज्ञान का भंडार है। कोरोना महामारी के दौरान आयुर्वेद के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में आयुर्वेद किट बहुत काम आयी।




उपराष्ट्रपति ने आगे कहा कि हम सदियों से सुनते आ रहे हैं कि पहला सुख निरोगी काया लेकिन एक और कहावत है कि हींग लगे न फिटकरी रंग चोखा होय और आयुर्वेद ऐसा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा एलोपैथिक दवाइयां फायदा तो जल्दी देती हैं लेकिन उनके अपने साइड इफेक्ट भी हैं।स्वास्थ्य के क्षेत्र में लैंगिक समानता की चर्चा करते हुए श्री धनखड़ ने खुशी व्यक्त की कि आज दुनिया भर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेटियों का डंका बज रहा है। आयुष्मान भारत जैसे जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए उपराष्टपति ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में इतना कुछ किया गया है उसकी कभी कल्पना नहीं की थी। उन्होंने कहा कि मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में इतनी जल्दी इतना कुछ हो जाएगा।

चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग का जिक्र करते हुए उपराष्ट्पति ने कहा की आने वाले समय में जब लोग पूछेंगे कि शिव-शक्ति और तिरंगा कहां है तो जवाब दिया जाएगा चांद पर है, पूछा जाएगा यह नाम कब पड़ा जवाब दिया जाएगा 23 अगस्त 2023 को।अपने संबोधन में आगे उपराष्टपति धनखड़ ने कहा योग पूरी दुनिया को भारत की देन है भारत ने पूरी दुनिया को योग सिखाया है प्रधानमंत्री के आवाहन पर पूरी दुनिया ने योग को अपनाया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय हिंदुस्तान के विकास का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।

## हरियाणवी छोरे ने फिर रचा इतिहास,सीएम मनोहर लाल खट्टर ने दी बधाई

**चंडीगढ़।** हरियाणावी छोरे गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है. वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीत हासिल करते हुए नीरज चोपड़ा ने गोल्ड अपने नाम किया है. पाकिस्तान के अरशद नदीम को हराकर उन्होंने ये मुकाम हासिल किया है. नीरज के पदक जीतते ही उनके घर और गांव में खुशी का माहौल हो गया. गांव में लड्डू बांटकर नीरज के जीत की खुशी मनाई गई.

**'पूरे देश के लिए स्वर्णिम क्षण'**- नीरज चोपड़ा पानीपत जिले के गांव खंडरा का रहने वाले है. उनके प्रदर्शन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह रहा. ग्रामीणों ने मैच से पहले ही मानना था कि उनका बेटा इस बार स्वर्ण जीतकर लाएगा. नीरज के जीतते ही गांव में भी दिवाली जैसा माहौल हो गया. बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक जीतने पर उनके पिता सतीश ने कहा कि यह हमारे परिवार, हमारे गांव और पूरे देश के लिए एक स्वर्णिम क्षण है. उनका स्वर्ण पदक देश के लिए एक खुशी का क्षण है. वहीं उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी माता-पिता का कहना मानना चाहिए और माता-पिता को भी समझना चाहिए कि उसके बेटे को जो जरूरत है, चाहे पढ़ाई का क्षेत्र हो या फिर खेल का, उसमें बच्चों का साथ दें. वहीं नीरज चोपड़ा के चाचा भीम चोपड़ा ने कहा कि पूरा देश खुशी मना रहा है. यह देश के लिए बहुत गर्व का क्षण है. हमारा बरसों पुराना सपना पूरा हुआ. नीरज के वापस आने पर जोरदार जश्न मनाया जाएगा. अभी उनका बहुत व्यस्त कार्यक्रम है.



**'चमकते सितारे को मेरी हार्दिक बधाई'**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी नीरज चोपड़ा को जीत के लिए बधाई दी है. उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि भारत के चमकते सितारे को मेरी हार्दिक बधाई, नीरज चोपड़ा जिन्होंने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बनकर एक बार फिर इतिहास रचा है. 88.17 मीटर के शानदार भाला फेंक के साथ रिकॉर्ड तोड़ दिया! हम सभी को आप पर बेहद गर्व है!

## विभाजन के दंश के दर्द की टीस आज भी : मुख्यमंत्री धामी

**वाराणसी।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि वाराणसी को 100 फीसद आयुष्मान कार्ड वाला देश का पहला जिला बनाएंगे। केन्द्रीय मंत्री ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के लक्ष्मण दास अतिथि गृह में कुलपति प्रो. सुधीर जैन, नीति आयोग के सदस्य डॉ वी.के. पॉल, डॉक्टरों और अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के उन्नयन तथा यहां स्वास्थ्य व ढांचागत सुविधाओं के विकास के लिए हरसंभव सहायता दी जाएगी। इस दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने विश्वविद्यालय में चल रही तथा आगामी स्वास्थ्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय द्वारा मिल कर साझा प्रयासों से वित्त तथा गवर्नेंस संबंधी चुनौतियों का समाधान निकाला जाएगा, जिससे आमजन को बेहतर व त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि बीएचयू का



चिकित्सा विज्ञान संस्था अपने आप में विशिष्ट है क्योंकि यह शिक्षण संस्थान के साथ एक प्रमुख चिकित्सा केन्द्र भी है, ऐसे में इसकी अपनी आवश्यकताएं हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। बैठक में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी. के. पॉल ने कहा कि यह योजना आम जनता को निन्शुल्क स्वास्थ्य कवरेज मुहैया कराने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वादा है, और हम सभी इस वादे को साकार करने के लिए प्रयास करने होंगे। बैठक के दौरान कुलपति प्रो. जैन ने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित सर सुन्दरलाल चिकित्सालय तथा ट्रॉमा सेन्टर एक बड़ी आबादी तथा भूभाग की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, ऐसे में यहां की स्वास्थ्य सुविधाओं व ढांचागत व्यवस्थाओं को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है।

## बसपा प्रमुख ने मीडिया को दी नसीहत, कहा-अंधी नकल के बजाय खुद जांच करें

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने कथित रूप से जातिवादी मानसिकता वाले मीडिया को सचेत किया है और उसे अपनी सोच में सुधार करने की नसीहत दी है। उन्होंने लिखा है कि अंधी नकल करने के बजाय खुद की पड़ताल कर लें तो बेहतर होगा। बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को सुबह तीन ट्वीट किये। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा, 'मीडिया में जातिवादी मानसिकता वाले एक वर्ग द्वारा 'व्यक्ति विशेष' कार्यक्रम में कमजोर व उपेक्षित वर्गों को



उनका संवैधानिक हक दिलाकर उन्हें आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का जीवन दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाली बीएसपी प्रमुख के नाम के साथ खिलवाड़ अनुचित व गैरजिम्मेदाराना। वहीं दूसरे ट्वीट में लिखा, 'ऐसे मीडिया वर्ग किसी की अंधी नकल करने के बजाय खुद की पड़ताल, सम्पर्क के बाद ही जीवन परिचय लिखें, क्योंकि इनको जन्म से लेकर अब तक मायावती तथा सम्मान से सभी छोटे-बड़े बहनजी कहकर ही सम्बोधित करते हैं अर्थात् चन्द्रावती व अन्य किसी और नाम से नहीं। अतः गलत नाम प्रचारित करना निन्दनीय। तीसरे ट्वीट में लिखा कि मीडिया से अनुरोध है कि किसी भी विशेष व्यक्तित्व के बारे में कोई जानकारी देने से पहले, सही तथ्यों की जानकारी जरूर प्राप्त कर लें, वरना गलत सूचना देने से मीडिया से लोगों का विश्वास ही उठ जाएगा। खासकर दलित समाज के मामले में जातिवादी मीडिया अपनी सोच जरूर सुधार ले तो बेहत्तर है।

## केन्या के रक्षा मामलों के कैबिनेट सचिव तीन दिन की भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** केन्या के रक्षा मामलों के कैबिनेट सचिव अदन बेयर डुले भारत की तीन दिन की यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को केन्या के अपने समकक्ष के साथ वार्ता करेंगे। अपने प्रवास के दौरान डुले गोवा और बेंगलुरु में भारतीय शिपयार्ड और रक्षा उद्योगों का दौरा करेंगे। कैबिनेट सचिव डुले ने सितंबर, 2022 में नई सरकार का कार्यभार संभाला था और उसके बाद से उनकी यह पहली भारत यात्रा है। यह उनकी केन्या से सर्वोच्च स्तर की राजनीतिक यात्रा है। यह यात्रा भारत के अफ्रीकी देशों के साथ अपने संबंधों और विशेष रूप से भारत और केन्या के बीच बढ़ते सहयोग को अहम महत्व देने का संकेत है। इससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के नए मार्ग खुलने की आशा है।



## वाराणसी को 100 फीसदी आयुष्मान कार्ड वाला देश का पहला जिला बनाएंगे : मनसुख मांडविया

**वाराणसी।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि वाराणसी को 100 फीसद आयुष्मान कार्ड वाला देश का पहला जिला बनाएंगे। केन्द्रीय मंत्री ने रविवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के लक्ष्मण दास अतिथि गृह में कुलपति प्रो. सुधीर जैन, नीति आयोग के सदस्य डॉ वी.के. पॉल, डॉक्टरों और अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान के उन्नयन तथा यहां स्वास्थ्य व ढांचागत सुविधाओं के विकास के लिए हरसंभव सहायता दी जाएगी। इस दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने विश्वविद्यालय में चल रही तथा आगामी स्वास्थ्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय द्वारा मिल कर साझा प्रयासों से वित्त तथा गवर्नेंस संबंधी चुनौतियों का समाधान निकाला जाएगा, जिससे आमजन को बेहतर व त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने कहा कि बीएचयू का चिकित्सा विज्ञान संस्था अपने आप में विशिष्ट है क्योंकि यह शिक्षण संस्थान के साथ एक प्रमुख चिकित्सा केन्द्र भी है, ऐसे में इसकी अपनी आवश्यकताएं हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। बैठक में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी. के. पॉल ने कहा कि यह योजना आम जनता को निन्शुल्क स्वास्थ्य कवरेज मुहैया कराने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वादा है, और हम सभी इस वादे को साकार करने के लिए प्रयास करने होंगे। बैठक के दौरान कुलपति प्रो. जैन ने कहा कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित सर सुन्दरलाल चिकित्सालय तथा ट्रॉमा सेन्टर एक बड़ी आबादी तथा भूभाग की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, ऐसे में यहां की स्वास्थ्य सुविधाओं व ढांचागत व्यवस्थाओं को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। ट्रॉमा सेन्टर के आचार्य प्रभारी प्रो. सौरभ सिंह ने एक प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से बीएचयू में जारी ढांचागत परियोजनाओं की प्रगति तथा आगामी योजनाओं की स्थिति से अवगत कराया।



## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहाः सोम प्रकाश

**देहरादून।** वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने सोमवार कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। केन्द्र सरकार रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में तेजी से काम कर रही है। इसी के तहत आज रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने आज यहां 23वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल सीमा (आईटीबीपी) सीमाद्वार में आयोजित 08वें रोजगार मेले में अपने हाथों से 25 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। कुल 200 लोगों को आज नियुक्त पत्र दिया गया।

इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के अथक प्रयास से आज बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल रहा है। विकसित भारत के संकल्प को आत्मसात करने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से विभिन्न विभागों में नियुक्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि देश भर ने विभिन्न राज्यों और केन्द्रशासित राज्यों के 45 केंद्रों पर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य के साथ रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से रोजगार मेले के माध्यम से एक लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया है, जिसमें केवल सी.ए.पी.एफ. में लगभग 87,000 खाली पदों को भरा गया है। साथ ही इस कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार इस वर्ष के अन्त तक लगभग 10 लाख नौकरियों भरने की योजना है।



रोजगार मेले के देहरादून केन्द्र में आज विभिन्न सेंट्रल आर्म्ड पुलिस (सीएपीएफ) संगठन के भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल 110, सीमा सुरक्षा बल-14, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 34 केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल-19, सशस्त्र सीमा बल- 13 असम राइफल्स-10 कुल 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए है। ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से युवाओं को उनकी नियुक्ति पर शुभकामनाएं और बधाई दी।

## अजित पवार ने भाजपा के साथ जाने की वजह बताई : कहा- राजनीति में कोई परमानेंट दुश्मन या दोस्त नहीं होता; उद्धव बोले- एनडीए वाले धोखेबाज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार ने रविवार को कहा कि राजनीति में कोई परमानेंट दुश्मन या दोस्त नहीं होता। उन्होंने NCP तोड़कर NDA में शामिल होने की वजह भी बताई। बीड में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- महाराष्ट्र के विकास और यहां के लोगों की समस्या सुलझाने के लिए हमने भाजपा-शिंदे गुट ज्वॉइन किया।

वहीं, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अजित पवार पर निशाना साधते हुए कहा- ये धोखेबाज लोग हैं। हिंगोली में रैली के दौरान उद्धव बोले- भाजपा आया राम, गया राम पार्टी है, जहां नेता पाला बदलते रहते हैं। NDA में शामिल अधिकतर पार्टियां धोखेबाज हैं। दूसरी पार्टियां तोड़कर लोग इसमें शामिल हुए हैं। । उद्धव ने कहा- वर्तमान NDA सरकार अमीबा की तरह है, जिसका कोई निश्चित आकार और आकृति नहीं है। पहले भाजपा कहती थी कि महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार है। अब अजित की तीसरी इंजन भी जुड़ गई है। पता नहीं और कितने इंजन जुड़ेंगे। यह मालगाड़ी है क्या?

अजीत पवार ने प्याज के मुद्दे पर किसानों के प्रदर्शन को लेकर कहा- मैंने राज्य के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे को दिल्ली जाकर राज्य में प्याज के हालिया मुद्दे पर केंद्रीय नेताओं से मिलने के लिए कहा है। गृह मंत्री ने भी कहा है कि केंद्र सरकार राज्य के किसानों से 24 रुपए प्रति किलो के हिसाब से 2 लाख मीट्रिक टन प्याज खरीद रही है। इससे पहले महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने प्याज पर 40त्न निर्यात शुल्क बढ़ाने के केंद्र सरकार के हालिया फैसले को किसान विरोधी फैसला बताया था। इस पर अजित पवार ने कहा कि विपक्ष के लोग किसानों को भ्रमित कर रहे हैं।



पिछले साल जून में शिंदे और पार्टी के 39 अन्य विधायकों ने महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी। शिवसेना के दो हिस्से हो गए थे। इसके बाद शिवसेना, NCP और कांग्रेस की महाविकास अघाड़ी गठबंधन सरकार गिर गई। शिंदे ने इसके बाद भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली। एकनाथ शिंदे को CM भी बनाया गया। इसी तरह इस साल 2 जुलाई को अजित पवार ने शरद पवार के खिलाफ बगावत कर दी। उन्होंने NCP के आठ विधायकों के साथ शिंदे के नेतृत्व वाली NDA सरकार से हाथ मिला लिया। इसी दिन महाराष्ट्र सरकार में अजित ने डिप्टी CM पद की शपथ भी ले ली। अन्य विधायकों को भी कैबिनेट में मंत्री बनाया गया था।

# सिंधिया पहुंचे प्रभात झा के यहां, कई दिग्गजों की नींद उड़ी



**ग्वालियर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संघ से जुड़े दिग्गज विचारक प्रभात झा के यहां अचानक केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का पहुंचना राजनैतिक हलकों में चर्चा का विषय है। वहीं प्रदेश के अन्य बड़े नेताओं की सिंधिया और प्रभात झा का मेल मिलाप से नींद उड़ी हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि यह दोनों नेता भविष्य में एक दूसरे के साथ मिलकर राजनीति की पायदान चड़ेंगे।आज केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अचानक प्रभात झा के मोरार एन्कलेव स्थित निवास सहयोग आवास पर पहुंचे। दोनों में काफी देर चर्चा हुई। शुरूआती चर्चा तो सबके सामने हुई। सिंधिया प्रभात झा की धर्मपत्नी रंजना झा से भी मिले, उन्होंने उनके पुत्र तुषमुल व अयत्न झा से भी चर्चा की। इस दौरान प्रभात झा के सहयोगी व पार्टी से जुड़े लोग भी उपस्थित थे।

**प्रभात झा से पुश्तैनी संबंध**–बाद में सिंधिया ने प्रभात झा की उपस्थिति में ही पत्रकारों से चर्चा में कहा कि उनका प्रभात झा जी से पुश्तैनी संबंध है। बहुत दिनों से मेरे मन में प्रभात जी के यहां जाने की मंशा थी इसीलिये मैं आज यहां आया हूं। सिंधिया ने कहा कि हमने प्रदेश में पार्टी का काम कैसे आगे बड़ाने, पार्टी व कार्यकर्ता की ओर क्या गतिविधि हो सकती हैं इस पर चर्चा की हैं। सिंधिया ने पार्टी के प्रत्याशी चयन पर कोई जबाब देने से इंकार कर दिया।

**प्रदेशभर में चर्चा रही**–केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के अचानक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा के यहां पहुंचने से प्रदेशभर में भाजपाई राजनीति गरमा गई हैं। इससे प्रदेश के दिग्गज नेताओं के कान खड़े हो गये हैं, उनकी निगाह इस बात पर है कि यह नई जोड़ी क्या गुल खिलाती हैं।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं निगमायुक्त के साथ विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**ग्वालियर ।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के राठौर चौक गदाईपुरा, जलालपुर चौराहा, सागरताल रोड एवं चौराहा, बहोडापुर चौराहा, एबी रोड बहोडापुर से रामाजी का पुरा तक विभिन्न विकास कार्यों को लेकर कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह सहित पीडब्ल्यूडी, विद्युत सहित अन्य विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण किया। ऊर्जा मंत्री तोमर ने उपनगर ग्वालियर के विभिन्न क्षेत्रों में क्रियान्वित विकास कार्य, सड़क, सीवर, पेयजल एवं स्वच्छता सहित आदि व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह से कहा कि सभी विभागों की एक संयुक्त टीम बनायें जो विकास कार्यों का प्रतिदिन निरीक्षण करें। जिससे विकास कार्यों में रफ्तार आये। इसके साथ ही जहां आवश्यकता है वहां दिन रात कार्य करायें और जो भी कार्य किए जा रहे हैं उनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। ऊर्जा मंत्री तोमर सबसे पहले राठौर चौक पहुंचें जहां उन्होंने राठौर चौक पर बनाये गए पुलिस सहायता केन्द्र को लेकर पुलिस अधीक्षक श्री चंदेल से कहा कि पुलिस सहायता केन्द्र पिछले कुछ माह से बंद है, इस सहायता केन्द्र पर प्रोपर पुलिस के जवान रहे तथा रात्रि गस्त भी बडाई जाए। इसके साथ ही उन्होंने विजय नगर गदाई पुरा सीवर लाइन के बार बार चौक होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा सीवर



लाइन की प्रतिदिन सफाई एवं जहां आवश्यकता हो वहां पुरानी सीवर लाइन को बदलने के निर्देश निगमायुक्त श्री सिंह को दिए। साथ ही उन्होंने जलालपुर चौराहे पहुंचकर चौराहे का चौडीकरण कर सौंदर्यीकरण किए जाने के निर्देश भी दिए। ऊर्जा मंत्री तोमर ने सागरताल चौराहे को लेकर पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौराहे का सौंदर्यीकरण करने के साथ ही चौराहे के पास पानी की लीकेज लाइन को सुधारा जाए जिससे बार बार लीकेज न हो। साथ ही सागरताल चौराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक बनाई जा रही रोड के अधूरे कार्य पर नाराजगी व्यक्त की और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बहोडापुर चौराहे से रामाजी का पुरा तक बनाई जा रही रोड एवं नाले को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रोड एवं नाले का कार्य दिन रात करें जिससे कार्य शीघ्रता से पूर्ण हो सके। रोड व नाले के निर्माण में जहां जहां अतीक्रमण है उसको हटाया जाए। साथ ही बीच में डिवाइडर बनाकर पोल शिफ्टिंग का कार्य भी साथ ही किया जाए। उन्होंने कटी घाटी के लगने वाले जाम को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा, प्रयाग तोमर, पार्षद देवेन्द्र राठौर सहित क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

# एक किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ताओं के बकाया बिल स्थगित



**ग्वालियर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा अनुसार एक किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ताओं के बकाया बिलों की राशि को स्थगित किया गया है। बिलों की जाँच के बाद ही स्थगित बिलों के भुगतान पर निर्णय लिया जायेगा। निर्णय होने तक बकाया राशि पर सरचार्ज नहीं लगाया जायेगा।ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि एक सितम्बर 2023 से एक किलोवॉट तक के सभी बिजली उपभोक्ताओं को केवल चालू माह के ही देयक दिये जायेंगे। इस संबंध में सभी विद्युत वितरण कम्पनियों के प्रबंध संचालक को निर्देश जारी कर दिये गये हैं।गौरतलब है कि प्रदेश में एक किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ता एक करोड़ हैं। इनमें से 69 लाख 86 हजार उपभोक्ताओं के कुल 4 हजार 15 करोड़ रूपये बकाया हैं।

# पर्यटन सखियों ने रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षित महिला पर्यटन का संकल्प दिलाया

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की परियोजना महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल के अंतर्गत रागिनी फाउंडेशन द्वारा संकुल ग्वालियर में कमलराजा हॉस्पिटल कंपू पर संकल्प सुरक्षित सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत पर्यटन सखियों ने रक्षा सूत्र बांधकर लोगो से ग्वालियर में आने वाले महिला पर्यटकों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने का संकल्प दिलाया । इस कार्यक्रम में पर्यटन सखियों ने कॉलेज, स्कूल शिक्षक, पुलिस विभाग, सिक्योरिटी गार्ड, ऑटो चालक, ई रिक्शा चालक, फुटपाथ पर खड़े हाथ ठेले बालों, और राहगीरों को रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का संकल्प लिया । ग्वालियर के पर्यटन स्थलों पर आने वाली महिला पर्यटकों में सुरक्षा और सहजता का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी क?ी में 30 अगस्त से 7 सितंबर 2023 तक ÷मुझे मेरा संकल्प याद है अभियान÷ चलाया जा रहा है।



प्रदेश के 20 संकुल अंतर्गत 50 पर्यटन स्थलों पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। साथ ही संकल्प सुरक्षित पर्यटन विषय पर केंद्रित शुभंकर डिजाइन और लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। इच्छुक प्रतिभागी टूरिज्म के सोशल मीडिया हैंडल्स और वेबसाइट के ईवेंट पेज पर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। विजेताओं को विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

गत 30 अगस्त से शुरू हुए संकल्प सुरक्षित पर्यटन अभियान की गतिविधि के तहत रेडियो धारावाहिक पर्यटन सखी का प्रसारण किया जा रहा है। आठ सितंबर तक प्रतिदिन प्रात 10.5 बजे और शाम 6-30 बजे आकाशवाणी से इसका प्रसारण होगा। वहीं पर्यटन सखी कार्यक्रम के लिए भी जिलेवार कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। दूरदर्शन द्वारा परियोजना पर अभियान के दौरान विभिन्न स्थलों पर गतिविधियों की शूटिंग की जाएगी। रागिनी फाउंडेशन कोऑर्डिनेटर सना उल्ला खान ने बताया कि अभियान में महिला पर्यटक एवं सुरक्षित पर्यटन विषय पर लघु फिल्म निर्माण और पर्यटन सखी शुभंकर निर्माण प्रतियोगिता के साथ पर्यटन सखी रेडियो धारावाहिक, रक्षा सूत्र बंधन आयोजित की जाएंगी। आयोजन, पर्यटक रक्षा संकल्प व कजरिया भुजरिया उत्सव व सावन के झूले जैसी गतिविधियां भी होंगी।

# भारत के विमानन क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएँ :सिंधिया



**ग्वालियर ।** केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि विमानन क्षेत्र में भारत की क्षमताओं व अपार संभावनाओं का लाभ उठाकर विश्व की सभी एयरोस्पेस कंपनियाँ निवेश के लिये आगे आएँ। भारत में किया गया निवेश कंपनियों के लिये हर तरह से फायदेमंद होगा। सिंधिया शुक्रवार को ग्वालियर में विमानन उद्योग में संभावना एवं निवेश प्रोत्साहन के उद्देश्य से शुरू हुई दो दिवसीय ÷बी-20 इंटरनेशनल एयरोस्पेस कॉन्फ्रेंस÷ के उदघाटन सत्र में मौजूद देश-विदेश से आए विमानन क्षेत्र के प्रतिनिधिगण, उद्योगपति व निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर एयरोस्पेस के उत्पादन व उद्योग संभावनाओं को लेकर ÷मेन इन एमपी÷ का आह्वान भी किया। साथ ही उड्डयन के क्षेत्र में ग्वालियर के स्वर्णिम इतिहास का जिक्र भी उन्होंने इस मौके पर किया।। दो दिवसीय बी-20 इंटरनेशनल एयरोस्पेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा नागर विमानन मंत्रालय की सहभागिता से यहाँ सिटी सेंटर ग्वालियर स्थित होटल रेडीसन में हो रहा है। कॉन्फ्रेंस के उदघाटन सत्र में प्रदेश के औद्योगिक नीति व निवेश संबंधी विभाग के मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव भी मौजूद थे। कॉन्फ्रेंस में लगभग तीन दर्जन उद्योगपति, नीति विशेषज्ञ, जी-20 देशों के प्रतिनिधिगणों सहित लगभग 250 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। जिनमें जीई एयरोस्पेस, हॉल, एयर बस, जीएमआर, एआईईसीएल, रसेल टैक्सास, लोक्हीड एण्ड व्हीटनी एवं हंच मोबिलिटी जैसी विमानन क्षेत्र की जानी-मानी कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने कॉन्फ्रेंस के उदघाटन सत्र में विमानन क्षेत्र के निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत में तेजी के साथ विमानन सेवाओं का विस्तार हो रहा है। इसलिए वे बेझिझक निवेश करें। उन्होंने कहा पिछले 9 साल में विमानन के क्षेत्र में भारत मे अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं। पहले जहाँ देश में मात्र 74 एयरपोर्ट थे, जो अब ब?कर 148 हो गए हैं। सिंधिया ने भरोसा दिलाया कि अगले दो ङ्क तीन साल में भारत में एयरपोर्ट का आक?ा 200 तक पहुँच जायेगा। साथ ही कहा कि वर्ष 2014 में देश में 200 हवाई जहाज थे, जो अब ब?कर 700 हो गए हैं।

# 39वां क्वालिटी कन्वेनशन 2 सितंबर को ट्रिपल आईटीएम में

**ग्वालियर।** क्वालिटी सर्किल फोरम आफ इंडिया ग्वालियर चैप्टर का 39वां क्वालिटी कन्सेप्टस कन्वेनशन अटल बिहारी ट्रिपल आईटीएम के सभागार में 2 सितंबर को आयोजित किया गया है। क्वालिटी कन्वेनशन में 900 से ज्यादा टीमों द्वारा केस स्टडीज का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग ले रही टीमों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रांज पदकों से नवाजा जायेगा। कन्वेनशन में गोदरेज, जेके टायर्स, मोन्डीलीज, एसआरएफ, सूर्या रोशनी, विक्रम वूलन्स, जेबी मंघाराम ब्रिटेनिया, गेल, बीएचईएल, आरटीएफ मुंबई, ग्वालियर ग्लोरी स्कूल, लिटिल एंजिल्स स्कूल, सिंधिया कन्या विद्यालय, आक्सफोर्ड स्कूल, भारतीयम विद्या निकेतन, परनार्ड रिकाल्ड इंडिया आदि संस्थानों की टीमों द्वारा भाग लिया जायेगा। 500 से ज्यादा प्रतिभागी रहेंगे। कन्वेनशन के मुख्य अतिथि ट्रिपल आईटीएम के डायरेक्टर डा. एसएन सिंह होंगे। जबकि अध्यक्षता वाइस प्रेसीडेंट जेके टायर्स अशोक सिंह करेंगे। कन्वेनशन में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष क्वालिटी सर्किल फोरम आफ इंडिया अविनाश मिश्रा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजन प्रमुख थामस मैथ्यूज सहित ग्वालियर चैप्टर, प्रो. मनोज कुमार दास, प्रो. ज्ञानप्रकाश एवं समस्त ग्वालियर चैप्टर के काउंसिल सदस्य हैं।

## विधायक डॉ. सिकरवार ने वार्ड 28 में किया सी.सी. रोड निर्माण के लिये भूमिपूजन

**ग्वालियर।** क्षेत्र का विकास एवं प्रगति के संकल्प के साथ हम जन आकांक्षाओं के अनुसार विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। विकास निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और हम इसे जारी रखेंगे। यह विचार विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 28 के भीमनगर की विभिन्न गलियों में लगभग 14 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीमेंट कांक्रीट स?क निर्माण के भूमिपूजन के अवसर पर कही।भूमिपूजन अवसर पर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास करती है और दूसरी पार्टी के लोग झूठ-फरेब एवं भ्रम फैलाने की राजनीति करते हैं। भाजपा के लोग सामाजिक सद्भाव बिगा?ने का कार्य करते हैं, जाति-धर्म को बांटकर सियासी खेल खेलते हैं। आज इस बात की आवश्यकता है कि ऐसी पार्टी और उनके नेताओं से सावधान रहें। एक तरफ गरीब, आदिवासी वर्ग का अपमान करते हैं और फिर घ?ियाली आंसू बहाते हैं। डॉ. सिकरवार ने कहा कि भाजपाइयों के अंहकार का जवाब जनता देगी।

# चेतना में परिवर्तन ही विकास है : विभाष उपाध्याय

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा महर्षि अरविंद जयंती के अवसर पर ज़िला स्तरीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। व्याख्यान माला का आयोजन राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य एवं संत ऋषभानंद महाराज की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर उपाध्याय ने कहा कि महर्षि अरविंद के अनुसार विकास का तात्पर्य केवल शारीरिक विकास से नहीं हैं, चेतना में परिवर्तन ही विकास है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशील बरुआ, संभाग समन्यव्यक म.प्र. जन अभियान परिषद उपस्थित थे।ऋषभानंद महाराज ने कहा कि महर्षि अरविंद एक योगी, द्रष्टा, दार्शनिक, कवि और राष्ट्रवादी थे। जिन्होंने आध्यात्मिक विकास के माध्यम से पृथ्वी पर दिव्य जीवन के दर्शन को प्रतिपादित किया। महर्षि अरविंद ने भारतीय प्रशासनिक सेवा परीक्षा भी उत्तीर्ण की, किंतु राष्ट्रहित के लिये कार्य करने के लिये उन्होंने अध्यात्म को चुना। महर्षि अरविंद ने कई क़िताबे लिखी , वो जो जानना चाहते थे , उसे जानकर ही रहते थे । उन्होंने दो नियमों का प्रतिपादन किया जिसने एक नियम योग्य का था जिसमें सत्य, चित, आनंद का सिद्धांत और दूसरा विकास का सिद्धांत जिसमें बताया कि किस प्रकार शिक्षा को संस्कारी बनाये, सेवा में लगायें



, सबके सम्मुख संवाद रख सके , संतों के साथ जुड़ सके÷। जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 1893 में तीन सुखद घटनाएँ हुई जिसमें पहली घटना शिकागो की हैं, जहां स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय दार्शनिक ज्ञान से सबको आश्चर्यचकित कर दिया। दूसरी घटना गांधी जी के जीवन के ऊपर थी जिन्होंने आज़ादी के लिए आंदोलन खडा कर दिया। तीसरी घटना अरविंद जी की पश्चिमी देश से पढ़ाई कर वड़ोदरा वापस लौटने की रही। लौटने के बाद वे 1905 में राष्टीय आंदोलन को गति देने के लिये कोलकाता में रहने लगे। वे वहाँ पर क्रांतिकारी के रूप मैं उभरकर सामने आये। यदि हमे अध्यात्म की ओर जाना हैं तो हमे आंतरिक व्यवधानो से मुक्त रहना होगा। विभाष उपाध्याय जी द्वारा सफलता और सार्थकता मैं अंतर स्पष्ट करते हुए बताया गया सनातन संस्कृति के अनुसार कैसे जीवन सार्थक बनाया जा सकता हैं कैसे हमारे संत, हमारे ग्रंथ साहित्य हमे सनातनी बनने में सहयोग करते हैं। व्याख्यान माला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महर्षि अरविंद जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। स्वागत उदबोधन एवं कार्यक्रम की रूपरेखा संभाग समन्वयक सुशील बरुआ द्वारा प्रस्तुत की गई । अंत में स्नेह यात्रा में सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज दुबे तथा आभार जिला समन्वयक धर्मेन्द्र कुमार दीक्षित द्वारा व्यक्त किया।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478